# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 17 मई 2025





एक परिवार में शादी समारोह की खुशियां मातम में उस समय तब्दील हो गई जब बीच रास्ते में कार स्टंट मारने के चक्कर में दल्हे की कार ने डीजे वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सामने बैठा बच्चा सीधे कार के शीशे से जा टकराया और उसके सिर पर गंभीर चोट आई। जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बारात में दूल्हे की कार उसका जीजा चला रहा था। और दूल्हे की गोद में उसका भांजा बैठा हुआ था। इस मामले में पुलिस ने पुत्र की मौत पर पिता के खिलाफ धारा 106 बीएनएस, 181, 125 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# पिता के खिलाफ मामला दर्ज

# बारात के दौरान दूल्हे की कार भिड़ी डीजे से, गोद में बैठे भांजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुवार की शाम सूरजपुर से मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत चिमनीभाठा दूल्हे की बारात आई थी। रात 9 बजे के लगभग बारात दुल्हन के घर के लिए रवाना हुआ था। परिवार के लोग और बाराती डीजे की धुन पर जमकर थिरक रहे थे। इसी दौरान शारदा विहार रोड पर दुल्हे का कार क्रमांक सीजी 12 आर 3742 को नीलेश तिवारी चला रहा था और इस बीच उसने स्टंट मारने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे डीजे वाहन से जा भिड़ी। इस हादसे में डीजे वाहन में बंधे भारी भरकम साउंड बाक्स गिर गया और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने बैठे निलेश का डेढ़ वर्षीय पुत्र हरिओम सीधे कार के सामने शीशे से जा



टकराया जिससे हरिओम तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन फानन में बच्चे को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।



### नाराज लोगों ने चालक को पीटा

वहीं घटना के बाद नाराज लोगों ने कार के चालक की जमकर पिटाई कर दी। बाद में पता चला कि कार चलाने वाला शख्स की बच्चे का पिता है। वहीं बच्चे के शव को मॉर्च्यूरी भेजा गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक हरिओम के पिता नीलेश तिवारी मध्य प्रदेश के सागर के रहने वाले हैं। वे अपने ससुराल सूरजपुर में शादी में आए थे। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि इस मामले में नीलेश तिवारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप



### एनएच में डीजल टैंकर पलटा, लगी आग

जीजामगांवः शुक्रवार की दोपहर बिरेझर चौकी से लगभग 2 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कोड़ेबोड़ के पास अभनपुर से कुरूद की ओर आ रहा एक मिनी डीजल टैंकर पलट गया। टैंकर में लगभग 3000 लीटर डीजल भरा हुआ था। यह घटना टैंकर का पट्टा टूटने से हुई है। टैंकर के पलटने के बाद उसमें आग लग गई। टैंकर के ड्राइवर और कंडक्टर आग की चपेट में आ गए। दोनों को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया है। नेशनल हाईवे 30 पर हुए हादसे के बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल टीम को तुरंत बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। बाद में क्रेन की मदद से टैंकर को नेशनल हाईवे 30 से हटाया गया। टैंकर में मौजूद ड्राइवर और कंडक्टर आग से झुलस गए। बताया जा रहा है कि ड्राइवर करीब 50 प्रतिशत और कंडक्टर 20 प्रतिशत झुलस गए हैं। दोनों को कुरूद अस्पताल ले गए जहां से रायपुर रेफर कर दिया गया।

### पेंड्रावन मारपीट कांड के 5 आरोपियों ने किया समर्पण

**पिथौरा (ग्रामीण)।** पटवारी के साथ मारपीट और दस्तावेजों को फाड़े जाने की घटना के 10 दिन के बाद बुधवार को आरोपी निरंजन नायक, यशवंत साहू, टिकेंद्र, मनोज साहू और तिरपन साहू ने व्यवहार न्यायालय पिथौरा में आत्मसमर्पण कर दिया।
ग्राम पेंड्रावन में शासकीय कार्य के दौरान पटवारी के साथ मारपीट व दस्तावेज फाड़ने की गंभीर घटना के विरोध में बीते 10 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पिथौरा तहसील परिसर में बैठे राजस्व पटवारी संघ ने अब अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

### कार की डिक्की से महुआ शराब जब्त, 2 गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** कार की डिक्की में छिपाकर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस 15 मई को ग्राम भ्रमण गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पनियाजोब रेलवे फाटक के रास्ते से होकर अंडी-ठाकुरटोला की ओर एक सफेद कलर होंडाई कार के पीछे डिक्की में छिपाकर रखे कच्ची देशी महुआ शराब 7 प्लास्टिक जरीकेन डिब्बा में 60 बल्क लीटर कीमती 12000 को परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सफेद कलर होंडाई कार को पकडकर चालक एवं उसमें बैठे व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम दूजलाल कुंजाम पिता तिलक कुंजाम 35 साल व टिकेश कुमार ध्रुर्वे पिता रामसिंग ध्रुर्वे 28 साल साकिनान ग्राम बरनाराकला थाना बोरतलाव का होना बताया।

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की

# न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाएं: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीजापुर जिला मुख्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री साय ने संयुक्त समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में चलाया जा रहा है। तीसरे चरण में वे स्वयं जिलों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में हमने मोदी की गारंटी के वादों को प्राथमिकता से लागू किया है, जिससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

खास खबर

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावशाली कार्रवाई हुई है। उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल उन्मूलन का संकल्प दोहराते हुए कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए रहवास, पुनर्वास, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि एनएमडीसी और निजी क्षेत्र की भागीदारी से प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएं ताकि ये युवा मुख्यधारा में आत्मविश्वास से लौट सकें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों को समय पर और सुलभ न्याय दिलाने के लिए न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर न्यायिक प्रक्रिया को सहज और तेज किया जा सकता है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से आदिवासी अंचलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जहाँ आवागमन की कठिनाइयों के चलते लोग न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते।

### वनोपज, प्रसंस्करण और खेती से वनवासियों को बनाएं समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य बस्तर क्षेत्र खनिज एवं वनोपज संपदा से समृद्ध है। यहां के रहवासियों की आय संवृद्धि और उन्हें विकास की मुख्यधारा से सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण और खेती को जनजातीय समुदाय के समृद्धि के जरूरी निरूपित करते हुए खेती-किसानी को बढ़ावा देने सहित सिंचाई के साधनों के विकास और कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों मछलीपालन, पशुपालन, बकरापालन, सूकरपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए बेहतर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। वहीं बस्तर में पर्यटन सुविधाओं के विकास पर फोकस कर इसके जरिए रोजगार को बढ़ावा देने कहा।

### न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित करें





### ग्रामीणों को बैंकिंग जैसी सेवाएं गांव में ही मिलेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय अंचलों में स्थानीय संसाधनों के अनुरूप रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं। उन्होंने 1460 पंचायतों में शुरू हुए अटल सेवा केंद्रों की जानकारी देते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को बैंकिंग जैसी सेवाएं गांव में ही मिलेंगी।
बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक चैतराम अट्टामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल, संभाग आयुक्त डोमन सिंह, दोनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा की गुणवत्ता पर अधिकारियों की सराहना

बीजापुर के कलेक्टर ने जानकारी दी कि समर कैम्प और बाल शिक्षा मित्र कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है। दंतेवाड़ा जिले में परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत राइस मिल लगाने के लिए दी गई रियायतों की जानकारी दी और स्थानीय युवाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊंची भूमि में मक्का की खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही ताकि कृषक आय में वृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग के अंदरूनी गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बीजापुर और दंतेवाड़ा कलेक्टर को रूट चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह किया कि टीम भावना से कार्य करें और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

महादेव सट्टा से जुड़े तार

# बैंक खाते से 2.25 करोड़ का लेन-देन, बलिया में भिलाई का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई का एक युवक बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा हुआ है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 111 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी



के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी बृजेश कुमार यादव उर्फ जसवंत नामक युवक को बलिया साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से धोखाधड़ी करने के आरोप में पकड़ा है। युवक शादी का झांसा देकर पीड़ित की बहन से रिश्ता तय किया। इसके बाद बृजेश पीड़ित को अपने फंसे हुए पैसों का झांसा देकर भरोसे में लिया। बृजेश ने पीड़ित के नाम से बलिया में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया। आईसीआईसीआई बैंक का खाता 2023 में खुलवाया गया था। जिसकी चेक बुक और एटीएम कार्ड बृजेश अपने पास रख लिया। पीड़ित को संदेह होने पर आईसीआईसीआई बैंक का स्टेटमेंट निकालवाने पर जानकारी हुई कि 4-5 माह में करीब 2.25 करोड़ रुपए का लेनदेन खाते से हुआ है। 14 मई 2025 बृजेश यादव बलिया के सहतवार थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां आया। तब पीड़ित ने अपने सहयोगियों की मदद से उसे थाने लेकर आया। बालिया से पकड़ गया युवक हाउसिंग बोर्ड भिलाई का रहने वाला बताया गया है। यूपी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इधर महादेव सट्टे के संचालक सौरभ चंद्राकर, रवि उत्पल,राज गुप्ता, शुभम सोनी समेत अन्य फरार लोगों की गिरफ्तारी तक नहीं हो पाई है।

रोलो डॉग व हैंडलर पर मधुमक्खियों ने किया था हमला

# सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में शामिल रोलो डॉग को सलामी देकर दी गई अंतिम विदाई







हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े एण्टी नक्सल ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल सीआरपीएफ 228 वी बटालियन के जाबांज सिपाही रोलो डॉग की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई थी। जब तक उसके उपचार की व्यवस्था की जाती उसकी मौत हो गई थी। रोलो डॉग को बटालियन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस हमले में हैडलर भी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका उपचार जारी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेगुंट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट चलाया गया था। इस अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। जवानों ने कई बार हुए मुठभेड़ में करोड़ों के ईनामी 31 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था। इसी आपॅरेशन में जवानों के साथ के 9 रोलो डॉग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में वह पूरी मुस्तैदी से जवानों के साथ डटा रहा। ऑपरेशन से लौटते समय अचानक मधुमक्खियों के एक झुंड ने के 9 रोलो और उसके हैंडलर पर हमला कर दिया। जवानों ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए रोलो को पॉलीथीन शीट से ढककर बचाने की कोशिश की लेकिन यह उपाय विफल रहा मधुमक्खियों का झुंड शीट के अंदर घुस गया और रोलो को बुरी तरह डंक मारने लगा। मधुमक्खियों के डंक से के 9 रोलो को तेज दर्द और जलन होने लगी जिससे वह असहनीय पीड़ा में आ गया, उसे तत्काल आपातकालीन उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ी और एनाफिलेक्टिक शॉक से रोलो कि मौत हो गई।

### अंतिम विदाई के दौरान जवानों के भी निकले आंसू

जवानों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलने वाले के 9 रोलो डॉग सीआरपीएफ जवानों का विशिष्ट श्वान दस्ते का हिस्सा था। वह काफी समय से 228 वीं बटालियन में सेवा दे रहा था। नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में के 9 रोलो डॉग शहीद हो गया। देश के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट से लौटने के दौरान रोलो डॉग और उसके हैंडलर पर मधुमक्खियों ने हमला किया था। मधुमक्खियों के डंक के चपेट में आने के बाद एनाफिलेक्टिक शॉक से रोलो कि मौत के बाद बटालियन के अधिकारियों और जवानों ने ससम्मान रोलो को कधां देकर सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। इस दौरान जवानों व अधिकारी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए।

# दुष्कर्म के आरोपी को भुगतनी होगी 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए दुष्कर्म के आरोपी की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने दोनों सजाओं को साथ-साथ चलाने की मांग की थी। दुष्कर्म के आरोप में 10 साल की सजा काटने के दौरान हाईकोर्ट ने आरोपी को अस्थाई जमानत दी थी। जमानत पर छुटते ही फिर उसने एक नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाया। इस मामले में पाक्सो कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि याचिकाकर्ता आरोपी आदतन अपराधी है, उसे सजा में कोई छूट नहीं दी जा सकती।

### आरोपी की प्रवृति आपराधिक

हाईकोर्ट से अस्थायी जमानत मिलने के बाद जेल से छूटते ही आरोपी ने एक नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाया। पाक्सो कोर्ट अंबिकापुर ने वर्ष 2019 में उसे 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। वर्तमान में आरोपी अंबिकापुर केंद्रीय जेल में 7 वर्षों से बंद है। आरोपी ने राहत की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद आरोपी की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि दोनों मामलों की सुनवाई अलग-अलग समय पर हुई है।

# जांच जब तक न्यायिक रूप से सिद्ध नहीं होती, तब तक रिटायरमेंट लाभ को रोकना असंवैधानिक

रिटायर डीईओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर डीईओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि जांच निष्कर्ष न्यायिक या वैधानिक रूप से सिद्ध नहीं होते, तब तक पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य सेवानिवृत्त लाभों को रोका जाना असंवैधानिक है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। रायगढ़ जिले के रिटायर डीईओ बरनाबस बखला ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी रिकवरी आदेश को चुनौती देते हुए अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और अपूर्वा पांडे के माध्यम से हाईकोर्ट में



याचिका दायर की थी। याचिका में इस बात की भी शिकायत की थी कि पूर्व के मामले में दोषी ठहराते हुए विभाग द्वारा पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य सेवानिवृत्त लाभों से वंचित किया जा रहा है। मामले की सुनवाई जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने विभाग द्वारा जारी कर आदेश को रद्द करते हुए रिटायरमेंटल बेनिफिट की राशि का भुगतान का निर्देश दिया है।

### याचिकाकर्ता से कोई वसूली नहीं की जा सकती

याचिका में कहा गया कि विचाराधीन आदेश वसूली आदेश नहीं है और याचिकाकर्ता से कोई वसूली नहीं की जा सकती है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2017 में भारत सरकार के द्वारा 'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' के अंतर्गत रायगढ़ जिला ग्रंथालय के सुधार और तकनीकी उन्नयन के लिए 87 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें 30 लाख तकनीकी उन्नयन के लिए खर्च किया जाना था। इस परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान याचिकाकर्ता जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति के बाद कलेक्टर रायगढ़ ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इसके खिलाफ याचिका दायर की गई थी।

## संस्कृत बोर्ड के ये हैं टापर्स

### नर्सिंग की पढ़ाई करना चाहती है 12वीं की टॉपर

12वीं कक्षा में पहले पायदान पर रही प्रिंसी मधुकर के पिताजी राजकुमार मधुकर शासकीय आयुर्वेद



औषधालय में कर्मचारी हैं। प्रिंसी ने बताया, जब मैंने परीक्षा परिणाम जाना, तो मैं बहुत ही उत्साहित और भावुक हो गई। पापा सरकारी सेवा में हैं, जिससे मुझे पढ़ाई का अच्छा वातावरण और समय मिला, जिसे मैंने पूरी तरह से उपयोग किया। मैं नियमित रूप से पापा के साथ बैठकर पढ़ाई करती थी और उनके मार्गदर्शन में मैंने सफलता पाई। साथ ही मैं ट्यूशन क्लास भी जाती थी। अब मैं बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करना चाहती हूं। यदि इसमें नहीं हो पाया तो मैंने डीएलएड का फॉर्म भी भरा है।

### खेतों में काम करने के बाद 6 घंटे पढ़ाई

दुर्गेश्वरी ध्रुव 12वीं कक्षा में तीसरे स्थान पर रही हैं। वह कहती हैं, यह मेरे लिए खुशी का क्षण है। मेरे पिताजी अब



इस दुनिया में नहीं हैं। मां और बड़े भैया प्रवासी मजदूर हैं, जो बाहर काम करके मेरी पढ़ाई का खर्च उठाते हैं। मैं हमारे खेतों में काम करती हूं, घर का खाना बनाती हूं और फिर 6-7 घंटे पढ़ाई करती हूं। महंगी किताबें, फीस और आर्थिक कठिनाइयां मेरी सबसे बड़ी चुनौती रहीं, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। मैं एक शिक्षिका बनना चाहती हूं और सरकार से अपील करती हूं कि गरीबी किसी भी छात्र-छात्रा की पढ़ाई में बाधा न बने। मेरी इस सफलता का श्रेय मेरे परिवार को जाता है, जिन्होंने अपने हिस्से की खुशियां न्योछावर कर मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया।

### डीएलएड करके बनना है शिक्षक

सामान्य कृषक परिवार से आने वाली आंचल कर्ष 12वीं में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया, परिवार



में माता-पिता, भाई और बड़ी बहन हैं। मेरी बड़ी बहन ही हमारे घर में सबसे अधिक पढ़ी-लिखी हैं और एक प्राइवेट स्कूल में काम करती हैं। उन्होंने हमेशा मुझे पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और मार्गदर्शन दिया, जिससे मुझे सफलता मिली। अब मैं डीएलएड की पढ़ाई करूंगी और एक शिक्षक बनना चाहती हूं। आधुनिकता के इस दौर में संस्कृत भाषा और संस्कृति को संरक्षित करना बहुत जरूरी है। मैं पढ़ने वाले सभी बच्चों को यही संदेश देना चाहूंगी कि वे अपने परिवार और गुरुजनों की बात मानें, नियमित पढ़ाई करें।

## हरिभूमि के खुलासे के बाद बदली मूल्यांकन प्रणाली, पहली बार सख्ती से जांच





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025


■ संस्कृत विद्यामंडलम : दसवीं कक्षा में 53.49% तथा बारहवीं कक्षा में 71% ही उत्तीर्ण

■ 36 परीक्षा केंद्रों में हुई थी परीक्षा, 3058 छात्र हुए थे शामिल

■ बीते सत्र में अनुपस्थित छात्रा को बना दिया था टॉपर, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिए थे 90% से अधिक अंक

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में परीक्षा की शुरुआत से ही कड़ाई बरती गई

# 99 फीसदी रहने वाले बोर्ड नतीजे 54 पर सिमटे, दो बार जांची उत्तरपुस्तिकाएं, टॉपर को 80% अंक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संस्कृत विद्यामंडलम ने शुक्रवार को दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। इस बार उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में ऐसी सख्ती बरती गई कि कभी 99% तक रहने वाले बोर्ड परीक्षा के परिणाम 54% पर सिमट गए हैं। 12वीं का रिजल्ट 71.01% और 10वीं का 53.49% रहा, जबकि पिछले वर्ष उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत तथा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा था। 12वीं कक्षा में बलौदाबाजार ▶▶|शेष पेज 6 पर



### मेरिट लिस्ट में दो मुस्लिम विद्यार्थी

दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षा की मेरिट लिस्ट में एक-एक मुस्लिम विद्यार्थी भी शामिल है। बारहवीं कक्षा में साजिदा परवीन ने 545 अंक अर्थात 77.29% प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया है। वह जांजगीर-चांपा जिले की छात्रा हैं। इसी तरह दसवीं कक्षा में पांचवें स्थान पर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ऐसे रहे नतीजे

#### नियमित छात्र

- पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं) : शामिल विद्यार्थी-1063, उत्तीर्ण-474, परिणाम 44.59%
- पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) : शामिल विद्यार्थी-817, उत्तीर्ण-437, परिणाम 53.49%
- उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं) : शामिल विद्यार्थी-561, उत्तीर्ण-317, परिणाम 56.51%
- उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) : शामिल विद्यार्थी-507, उत्तीर्ण-360, परिणाम 71.01%

#### स्वाध्यायी परीक्षार्थी

- पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष (9वीं)- शामिल विद्यार्थी-18, उत्तीर्ण- 9, परिणाम 50%
- पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं)- शामिल विद्यार्थी-24, उत्तीर्ण-12, परिणाम 50%
- उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं)- शामिल विद्यार्थी-18, उत्तीर्ण-11, परिणाम 61.11%
- उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं)- शामिल विद्यार्थी-50, उत्तीर्ण-31, परिणाम 62.00%

### टॉप-10 सूची

#### कक्षा-दसवीं

- रीना, जशपुर, 79.57%
- रमा, जशपुर, 78.86%
- श्रुति भारद्वाज, जांजगीर-चांपा, 77.14%
- शिम्मी, जांजगीर-चांपा, 74.86%
- आयशा परवीन, जांजगीर-चांपा, 74.57%
- अपर्णा अरविंद, जांजगीर-चांपा, 74.14%
- ईशा केंवट, जांजगीर-चांपा, 73%
- सुमन, बलौदाबाजार, 72.86%
- हंसराज सूर्यवंशी, जांजगीर-चांपा, 72.57%
- चांदनी, बालोद तथा गायत्री पैंकरा, जशपुर, 72%

#### कक्षा-बारहवीं

- प्रिंसी मधुकर, बलौदाबाजार, 87.43%
- आंचल कर्ष, बलौदाबाजार, 85.29%
- दुर्गेश्वरी, बलौदाबाजार, 83.29%
- भावना, बिलासपुर, 80%
- दीपा पैंकरा व राधा यादव, जशपुर, 78.14%
- यामिनी कुर्रे, बलौदाबाजार व अमृता सिंह, जशपुर, 77.86%

▶▶|शेष पेज 6 पर

### मुस्लिम छात्रा की मां मजदूरी कर पढ़ा रही बेटी को

10वीं की मेरिट सूची में पांचवां स्थान बनाने वाली सबरी संस्कृत विद्यालय की मुस्लिम छात्रा आयशा परवीन का कहना है कि सफलता प्राप्त



करने के लिए नियमित रूप से पढ़ाई बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि उनके पिता नहीं हैं, मां मजदूरी करके उसे और भाई-बहनों को पढ़ाती हैं। परिवार में दो बहन एवं एक भाई है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। दसवीं में चौथे स्थान पर रही छात्रा सिम्मी के पिता के पावर प्लांट में कार्यरत हैं। वह आगे चलकर शिक्षक बनना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय घर के बड़े बुजुर्ग एवं विद्यालय के अध्यापकों को दिया है। सफलता का मंत्र साझा करते हुए कहा कि इसके लिए कड़ी मेहनत जरुरी है।

### पिता किसान, बनना है आईएएस

दसवीं में तीसरे स्थान पर रही श्रुति भारद्वाज के पिता साधराम शिक्षक हैं। परिवार में तीन बहने हैं। उनका कहना है कि नियमित रूप से अध्ययन



करने से सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। इसी स्कूल में अध्यनरत छात्रा अपर्णा अरविंद छठवें स्थान पर रही। उनका कहना है कि उनके पिता गांव में खेती-किसानी का कार्य करते हैं। परिवार मध्यम वर्ग से आता है उनके दो बहन एवं एक भाई हैं। वह आगे चलकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं। *अन्य टापर्स ....देखें भीतर*

## खबर संक्षेप

### मोदी ने सिक्किम राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दीं और विभिन्न क्षेत्रों में राज्य में हुई प्रगति की सराहना की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा सिक्किम की पहचान उसकी शांत प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और मेहनती लोगों से होती है।

### एवरेस्ट शिखर से उतरते समय पर्वतारोही की मौत



**काठमांडू।** विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के शिखर से उतरते समय ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मृतक पर्वतारोही की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी सुब्रत घोष (45) के रूप में हुई है।

### सलमान रुश्दी के हमलावर को 25 साल की सजा



**न्यूयार्क।** लेबनानी मूल के अमेरिकी नागरिक हादी मतार को मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर हमला करने के जुर्म में 25 साल की सजा सुनाई गई है। 27 साल के मतार ने अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क के एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़कर रुश्दी पर चाकू से हमला किया था, जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई। हादी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खुमैनी के फतवे के कारण किया था।

### कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत, तीन घायल



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-326 पर शुक्रवार को एक कार के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से एक ही परिवार कतीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार में सवार छह लोगों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे।

### 69 बंधुआ मजदूर मुक्त तीन लोग गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले से अधिकारियों ने नाबालिगों समेत 69 बंधुआ मजदूर मुक्त कराए और उनका शोषण करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों से मुख्य रूप से पत्थर काटने और भेड़ पालने का काम कराया जाता था। कार्यकर्ताओं से सूचना मिलने के बाद उन्हें मुक्त कराया।

## पाक को बेनकाब करने सर्वदलीय सांसद जाएंगे अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देश

# 'दुनिया' को देंगे पाक-आतंक और ऑपरेशन सिंदूर का ब्यौरा, विदेश जाएंगे हमारे सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**सरकार पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष के बाद अब वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजेगी। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि वह इस प्रयास का हिस्सा होगी। सांसदों का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे।**

सूत्रों के हवाले से बताया कि विदेश दौरे पर जाने वाले सांसदों की संख्या का अभी पता नहीं चला है। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, एनसीपी, बीजद, सीपीआई के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त करना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने इस बारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बात की है। बता दें कि इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल में अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भेजा गया था।

### प्रतिनिधिमंडल के होंगे ये 5 एजेंडा

1. पाकिस्तान के उकसावे का ब्यौरा देना, जिसके कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' जरूर हो गया था। 2. समझाना कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इन खतरों के प्रति महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया क्यों थी। 3. भविष्य में आतंकवादी घटनाएं होने पर इसी प्रकार की कार्रवाई की संभावना की जानकारी देना। 4. ऑपरेशन के दौरान केवल आतंकवादी ठिकानों को ही सटीक निशाना बनाने पर जोर देना। 5. आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालना।




### इनका नाम आया सामने

भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलिगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

### 22-23 मई को जाएंगे

केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। वहां की सरकार को आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताएंगे।

### क्या होगा प्रतिनिधिमंडल का काम...

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी सरकारों, थिंक टैंकों और मीडिया के साथ बातचीत करेगा, ताकि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' की जरूरत पर भारत का दृष्टिकोण रखा जा सके।

### *पहले की सरकारें भी भेज चुकी हैं डेलीगेट्स*

*1994 में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में प्रस्ताव पेश करने की योजना बनाई थी। इसके जवाब में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने मानवाधिकार परिषद में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा, जिसका वाजपेयी कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल में फारूक अब्दुल्ला और तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद शामिल थे, जिन्होंने कश्मीर मुद्दे पर भारत का रुख दुनिया के सामने रखा और पाकिस्तान के आरोपों का जवाब दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रस्ताव वापस ले लिया।*

## रक्षामंत्री सिंह पहुंचे भुज

# जितनी देर में होता है नाश्ता, उतने समय में दुश्मनों को निपटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। हमारी एयर फोर्स एक ऐसी 'स्काइफ़ोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भुज एयरबेस हमारी जीत का साक्षी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भुज का यह एयरबेस 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में भी पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है, इसलिए यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प है।

### ब्रह्मोस ने पाक को रात में दिन दिखा दिया

ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम में डीआरडीओ के बनाए आकाश और अन्य राडार सिस्टम की तारीफ हो रही है। नागरिक दुश्मन ड्रोन आने पर भाग नहीं रहे थे, वे एयर डिफेंस से ड्रोन मार गिराने का वीडियो बना रहे थे।

## 30 साल से अबूझमाड़ में सेवा दे रहे हैं डा. बृजनंदन बनपुरिया, बस्तर में रच-बस गए

# सेवा और समर्पण का सम्मान... डॉक्टर जिन्होंने इलाज के साथ निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

*हरिभूमि न्यूज/रायपुर। चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं। ईश्वर के अलावा वे ही हैं जो मौत के मुंह से इंसान को खींच कर नई जिंदगी दे पाते हैं। ऐसे चिकित्सकों में भी कुछ ऐसे भी हैं जो अपनी पेशेगत जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनका दर्जा समाज में और सम्मानजनक बन जाता है। ऐसे ही सामाजिक सरोकार निभाने वाले डॉक्टरों का सम्मान हरिभूमि-आईएनएच के आयुष्मान भवः कार्यक्रम में किया जाएगा। कार्यक्रम रविवार, 18 मई 2025 को होटल बेबीलोन में शाम पांच बजे आयोजित है। प्रदेश के छह चुनिंदा चिकित्सकों का सम्मान होगा। इनमें से तीन चिकित्सकों की कहानी इस प्रकार है।*



### पिता का सपना साकार करने सत्यसाईं हास्पिटल से जुड़ी डा. रागिनी पांडे

पिता की इच्छा के अनुरुप कैशलेस सत्यसाईं हास्पिटल से जुड़कर बाल हृदय रोग सर्जन डा. रागिनी पांडे पिछले 13 साल में साढ़े सात हजार बच्चों की सर्जरी कर उन्हें नया जीवन दे चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा उन्होंने हास्पिटल की ओर से श्रीलंका, मलेशिया सहित अन्य देशों में जाकर छोटे बच्चों का ऑपरेशन कर उन्हें हृदय की जटिल बीमारी से मुक्त करवाया। मूलतः महाराष्ट्र धुले की रहने वाली डा. रागिनी पांडे पीडियाट्रिक हार्ट सर्जन बनने के बाद यूके ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पेशेगत सक्रियता के साथ सामाजिक गतिविधि के लिए समर्पित डा. राकेश गुप्ता

चिकित्सा जगत के साथ जन सरोकार के मुद्दों पर आवाज बुलंद करने वालों में ईएनटी विशेषज्ञ डा. राकेश गुप्ता का जाना पहचाना नाम है। चिकित्सा की पढ़ाई के दौरान छात्र राजनीति में सक्रियता दिखाने वाले डा. गुप्ता आईएमए और एएचपीआई के बैनर तले चिकित्सकों के लिए और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जन सरोकार के मुद्दों पर आंदोलन का हिस्सा बने हुए हैं।

नाक कान गला विशेषज्ञ के रूप अपनी पहचान बनाने वाले डा. राकेश ▶▶|शेष पेज 6 पर



### अबूझमाड़ में रच-बस गए डॉ. बृजनंदन बनपुरिया कई चुनौती स्वीकारी

नारायणपुर का अबुझमाड़ इलाका जहां जाने से अच्छे-अच्छे लोग भयभीत हो जाते हैं, वहां के ग्रामीणों की चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने डा. बृजनंदन बनपुरिया ने चुनौती स्वीकारी। डा. बनपुरिया की पहली पोस्टिंग 1993 में अबुझमाड़ में हुई थी तब वे भी नहीं जानते थे कि चिकित्सा का हुनर वहां के ग्रामीणों के सेवा के लिए ही प्राप्त किया है। ड्यूटी के दौरान जर्जर सड़कों, घनघोर जंगल, ऊंचे पहाड़, गांव पहुंचने के लिए ▶▶|शेष पेज 6 पर

## आईपीएल की वापसी

### आज से फिर चौके-छक्कों की बारिश, 3 को फाइनल



**बेंगलुरु।** आज शनिवार से आईपीएल 2025 की फिर वापसी हो रही है। भारत-पाकस्तान के बीच तनाव के बाद इसको एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया था। अब नए शेड्यूल के मुताबिक 17 मई से इसकी शुरुआत आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगी। आईपीएल का फाइनल मुकाबला 3 जून को होगा। सभी मैच 6 वेन्यू, पर 18 दिन के बीच होंगे, इस दौरान कुल 17 मैच खेले जाएंगे। संशोधित शेड्यूल दो डबल-हेडर शामिल हैं, जो दो रविवार को खेले जाएंगे।

घटना तेलीबांधा थाना के सामने सिग्नल के पास की है

# कालेज छात्रा ट्रक की चपेट में, सिर कुचलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक दर्दनाक सड़क हादसा में एक कालेज छात्रा की मौत हो गई। कालेज छात्रा किसी काम से शहर की ओर आ रही थी, इसी दौरान उसने ट्रक के सामने लेफ्ट से राइट की तरफ ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गई और सिर कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। आरोपी



ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हादसे को लेकर शाम को चक्काजाम किया गया। इस दौरान भाठागांव से तेलीबांधा तक जाम के हालात बने रहे। वीआईपी रोड स्थित गोल्डन अपार्टमेंट फेस टू निवासी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ऐसे हुआ हादसा

एक्सीडेंट को लेकर जो सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, उसमें युवती पहले ट्रक के पीछे दोपहिया चलाती दिख रही है। इसके बाद युवती ट्रक के करीब होकर चलती है। इसी दौरान वह अपनी दोपहिया को तेलीबांधा की तरफ आने के लिए मोड़ती है और ट्रक चालक अपने ट्रक को रिंग रोड ले जाने के लिए मोड़ता है। इस दौरान ट्रक चालक युवती को नहीं देख पाता और युवती की दोपहिया को पीछे से ठोकर मार देता है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## पहली बार सरकारी स्कूल सेंटर बनाया, यहीं हुई गड़बड़ी

# नीट परीक्षा में लाइट गुल, पेपर तक नहीं पढ़ पाए थे स्टूडेंट्स, एमपी हाईकोर्ट ने रोका रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नीट यूजी 2025 एग्जाम के रिजल्ट पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अंतिम फैसला होने तक रिजल्ट जारी न किया जाए। दरअसल, एग्जाम के दौरान तेज हवा और बारिश के कारण कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई थी। इससे कई स्टूडेंट्स पेपर तक नहीं पढ़ पाए थे, जिससे उनका पेपर बिगड़ गया। याचिका में मांग की है कि या तो प्रभावित कैंडिडेट्स का री-एग्जाम हो या उनके फेयर इवैल्यूएशन के लिए कोर्ट कोई दूसरी रेमेडी सुझाए।



### जवाबदारों को भेजा नोटिस

हाईकोर्ट ने एनटीए, बिजली कंपनी और परीक्षा केंद्रों को नोटिस जारी किए हैं। 30 जून तक सभी को जवाब पेश करना होगा। एग्जाम के बाद 5 मई से अब तक हाईकोर्ट में कुल 17 याचिकाएं दायर की गई थीं जिसकी सुनवाई कोर्ट ने एक साथ की।

### बैकअप का इंतजाम नहीं, तो मोमबत्ती जलाई

याचिका दायर करने वाले कैंडिडेट्स ने बताया कि उनका एग्जाम सेंटर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 था, जहां 4 मई को वो दोपहर 2 से शाम के 5 बजे की शिफ्ट में एग्जाम देने पहुंचे थे। इस बीच तेज बारिश और आंधी के चलते करीब 3:30 बजे बिजली चली गई। सेंटर पर कोई बैकअप नहीं था और कमरे में अंधेरा हो गया। कैंडिडेट्स को इस स्थिति में ही एग्जाम देना पड़ा। करीब 4:30 बजे सेंटर पर मोमबत्तियां जलाई गईं।

### *27 हजार स्टूडेंट्स पर असर*

*इंदौर में नीट यूजी 2025 के 9 सेंटर्स पर 27 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था जो अब भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। 4 मई को एग्जाम सेंटर से कई स्टूडेंट्स हताश और रोते हुए निकले। एक छात्र प्रभु पांडा ने बताया, 'पिछले साल मुझे एमबीबीएस मिल रहा था लेकिन मैंने सोचा एक साल और तैयारी करता हूं ताकि एम्स मिल जाए। मेरा तो फ्यूचर बर्बाद हो गया। छात्रा समृद्धि अग्रवाल के पिता ने बताया कि एग्जाम सेंटर का हाल देखकर सभी पेरेंटस चौंक गए। परीक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।*

# सेना के शौर्य को सलाम
# तिरंगा है शान

## देशभर में ऑपरेशन सिंदूर के बाद निकाली जा रही तिरंगा यात्रा

## पहलगाम आतंकी अटैक के बाद भारतीय सेना ने पाक को दिया है मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ हुए हालिया तनाव के बाद सेना के समर्थन में देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जम्मू के एक स्कूल में शुक्रवार को तिरंगा लहराते हुए छात्र। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत पाक के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूत किया। इसके बाद पाक ने पलटवार किया तो उसे मुंहतोड़ जवाब देते हुए हमारी सेना ने उसके कई एयरबेस तबाह कर डाले। सेना के इसी शौर्य को देशभर में समर्थन दिया जा रहा है।






कोच्चि, केरल में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित एन रामचंद्रन की पत्नी शीला, बेटा अरविंद मेनन व अन्य लोगों के साथ।



जम्मू के एक स्कूल में तिरंगा लहराते छात्र।



संबलपुर, ओडिशा में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता जताने तिरंगा यात्रा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ बने यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

नई दिल्ली। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को



नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली में प्रोफेसर नियुक्त किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी ने इसे भारत के लीगल एजुकेशन के मामले में बहुत बड़े बदलाव वाला अध्याय बताया है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है और कहा है कि जस्टिस चंद्रचूड़ का प्रोफेसर के रूप में स्वागत करते हुए वह सम्मानित महसूस कर रही है।

### यौन उत्पीड़न मामले में बरी हुए विजय राज

**नई दिल्ली।** एक्टर विजय राज को साल 2020 के यौन उत्पीड़न के मामले में बरी कर दिया गया है।



बता दें कि विद्या बालन स्टारर फिल्म 'शेरनी' की शूटिंग के दौरान 2020 में एक महिला क्रू मेंबर ने विजय राज के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में महाराष्ट्र की गोंदिया कोर्ट ने एक्टर के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिलने पर ये फैसला सुनाया है। पीटीआई के अनुसार, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सोरते ने जांच में गंभीर खामियों का हवाला देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत आरोप हटा दिए।

### ब्रिटेन : गायक क्रिस ब्राउन को हिरासत में रखने का आदेश

**लंदन।** ग्रैमी विजेता गायक क्रिस ब्राउन को शुक्रवार को ब्रिटेन की



एक अदालत में पेश होने के बाद हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। उन पर 2023 में लंदन के एक नाइट क्लब में एक संगीत निर्माता को बोतल से पीटने का आरोप है। ब्राउन (36) पर 'मैनचेस्टर मैजिस्ट्रेट्स कोर्ट' में गंभीर शारीरिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया गया।

### अभिनेता एजाज को नहीं मिलेगी अग्रिम जमानत

**मुंबई।** मुंबई की अदालत ने बलात्कार के एक मामले में अभिनेता एजाज खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दिंडोशी अदालत) दत्ता ढोबले ने बृहस्पतिवार को खान को राहत देने से इनकार करते हुए कहा, ''आरोपों की प्रकृति और गंभीरता को देखते हुए याचिकाकर्ता से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है''। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि पीड़िता का विश्वास जीतने के लिए उसने कथित तौर पर एक सेलिब्रिटी और रियलिटी शो के प्रस्तोता के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। पीड़िता खुद भी एक अभिनेत्री है।

## इंटरव्यू में बोले अमेरिकन कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल रज्जाक बलोच

# 'पाक का कंट्रोल बस क्वेटा तक, भारत हमारा साथ दे'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान में काफी वक्त से सताए बलूचिस्तानियों के तेवर अब पूरी तरह सामने आने लगे हैं। इस बात से पूरी दुनिया वाकिफ है कि पाकिस्तान अपने ही राज्य बलूचिस्तान से सौतेला व्यवहार करता आया है। वहां के लोग अब पाकिस्तान के रवैये से उक्ता गए हैं, और निरंतर अपना विरोध जता रहे हैं, ये विरोध कभी हिंसक होते हैं तो कभी जुबानी तौर पर होते हैं। हाल ही में दिए इंटरव्यू में बलोच अमेरिकन कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल रज्जाक बलोच ने पाकिस्तान की हुकूमत और फौज पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बलूचिस्तान की आजादी के भारत और अमेरिका से मदद मांगी।

**खास बातें**

- पाकिस्तान में सताए बलूचिस्तानियों के तेवर आने लगे अब पूरी तरह सामने
- 70 से 80 फीसद हिस्सा 'नो-गो जोन' बनने का किया दावा






**बलूचिस्तान के अंदर खौफ में पाक फौज :** रज्जाक ने दावा किया कि बलोचिस्तान का 70 से 80 फीसद हिस्सा अब नो-गो जोन बन चुका है, जहां पाकिस्तानी फौज जाने से डरती है। उनका दावा है कि क्वेटा जैसे शहर में भी सूरज ढलते ही फौज घरों में दुबक जाती है, बाहर निकलने की हिम्मत नहीं करती। बलोच ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की फौज ने पूरे बलोचिस्तान को एक मिलिट्री छावनी बना दिया है, लेकिन अब जनता उठ खड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि मरंग बलोच जैसे नेताओं की गिरफ्तारी के बावजूद जिले-जिले में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने सरदार अख्तर मेंगल की कोशिशों की सराहना करते हुए ये भी साफ किया कि सिर्फ अंदरूनी कोशिशों से अब काम नहीं चलेगा बल्कि अब अंतरराष्ट्रीय मदद जरूरी है।

### भारत-अमेरिका से भी मांगी मदद

*उन्होंने सीधे भारत और अमेरिका से अपील की कि बलोचिस्तान की आजादी की लड़ाई में साथ दें। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत में निर्वासित बलोच सरकार बन सकती है, तो उन्होंने कहा, "हम पाकिस्तानी नहीं जो भीख मांगें, हम मर्द हैं, मर्दों की तरह बात करते हैं। लेकिन अगर भारत बलोचिस्तान की मदद करेगा, तो बलोचिस्तान के दरवाजे उस पर हमेशा खुले रहेंगे।"रज्जाक बलोच ने पाकिस्तान की फौज को बरबर आर्मी कहते हुए चेताया कि अगर दुनिया ने आज बलोचिस्तान की आवाज नहीं सुनी, तो कल ये फौज पूरे दक्षिण एशिया में तबाही मचा देगी। उन्होंने कहा, "बांग्लादेश की तरह अगर ये फौज बूट छोड़कर भागे उससे पहले, बेहतर है कि इज्जत से वापसी करे।" उन्होंने लोकतांत्रिक मुल्कों से अपील की कि बलोच प्रतिनिधियों को मंच दें, उनकी आवाज को दुनिया तक पहुंचाएं और पाकिस्तान के जुल्म के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई में साथ खड़े हों।*

### बलूचिस्तान में पाक के खिलाफ गुस्सा

1947 में नये बने पाकिस्तान ने बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद प्रिंस अब्दुल करीम ने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ हिंसक विद्रोह का ऐलान कर दिया। और यहीं से बलूच राष्ट्रवाद का बीज बोया गया, जो आज की तारीख में पाकिस्तान के लिए नासूर बन गया है। बलूचिस्तान में प्राकृतिक संसाधनों का अकूत भंडार है लेकिन विकास पाकिस्तानी पंजाब का होता रहा है। बलूचिस्तान के लोग तरसते रहते हैं। बलूचिस्तान के लोगों को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा है और उनके प्राकृतिक संसाधनों से पूरे पाकिस्तान का पेट भरा जाता है, लेकिन बलूचों का पेट खाली रहता है। बलूचिस्तान में चीन के आने के बाद लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। बलूच विद्रोहियों के निशाने पर ग्वादर बंदरगाह है, जिसे पाकिस्तान ने चीन की मदद से विकसित किया है। आपको बता दें कि ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का हिस्सा है।

## रूसी विदेश मंत्री ने साधा अमेरिका पर निशाना

# भारत-चीन को लड़वाना चाहते हैं पश्चिमी देश

एजेंसी ▶▶| मॉस्को



- देशों की सुरक्षा के लिए नया ढांचा बनाने की मांग की

रूस ने आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश भारत, चीन और रूस के बीच तनाव बढ़ाना चाह रहे हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश भारत और चीन को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टास के मुताबिक, लावरोव ने आसिआन की 'सीमाओं के बिना संस्कृति : सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका और विकास' राजनयिक क्लब की बैठक के दौरान ये टिप्पणी की है। उनकी ये टिप्पणी उस वक्त आई है, जब इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जियो-पॉलिटिकल ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। क्वाड, एयूकेयूएस और अन्य सुरक्षा साझेदारियां एशिया की शक्ति-संतुलन को तेजी से बदल रही हैं। लावरोव ने न सिर्फ पश्चिमी देशों की रणनीति की आलोचना की, बल्कि यूरेशियन सुरक्षा के लिए एक नया ढांचा बनाने की भी मांग की है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव का कहना है कि पश्चिम, खास तौर पर अमेरिका, जिसने इंडो-पैसिफिक शब्द को गढ़ा है, उसे बढ़ावा देकर क्षेत्रीय राजनीति को चीन विरोधी बना रहा है। इसका मकसद भारत और चीन जैसे 'महान पड़ोसियों' के बीच तनाव को बढ़ाना है।

### रूस की सॉफ्ट बैलेंसिंग स्ट्रैटजी

रूस अब भारत को अमेरिका के शिविर में पूरी तरह जाने से रोकने के लिए सॉफ्ट बैलेंसिंग स्ट्रैटजी का सहारा ले रहा है। इसके अलावा लावरोव के बयान से एक संदेश ये भी मिलता है कि भारत के अमेरिका के करीब जाने से रूस खुश नहीं है और वो भारत को पश्चिमी देशों की तरफ मुड़ने से रोकने की कोशिश कर रहा है। आपको बता दें कि दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसिआन) दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का एक क्षेत्रीय समूह है, जिसका मकसद अपने सदस्यों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला

# इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु का है हरे कृष्ण मंदिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि बेंगलुरु का प्रसिद्ध हरि कृष्ण मंदिर इस्कॉन सोसाइटी बेंगलुरु का है। इस फैसले ने इस्कॉन बेंगलुरु और इस्कॉन मुंबई के बीच लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद को समाप्त कर दिया, जिसमें दोनों पक्ष मंदिर और इससे जुड़े शैक्षणिक परिसर के नियंत्रण का दावा कर रहे थे। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में बेंगलुरु में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर के नियंत्रण को लेकर इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। इस्कॉन बेंगलुरु ने 23 मई, 2011 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 2 जून, 2011 को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था।



**खास बातें**

- लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद का हुआ समापन

### दो सोसाइटी की लड़ाई

इस कानूनी लड़ाई में समान नाम और आध्यात्मिक मिशन वाली दो सोसाइटी एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी रहीं। कर्नाटक में पंजीकृत सोसाइटी इस्कॉन बेंगलुरु का दावा है कि वह दशकों से स्वतंत्र रूप से काम कर रही है और बेंगलुरु के मंदिर का प्रबंधन कर रही है। राष्ट्रीय सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 और बंबई सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1950 के तहत पंजीकृत इस्कॉन मुंबई का दावा है कि इस्कॉन बेंगलुरु केवल उसकी शाखा है और संबंधित संपत्ति सही मायने में उसके (मुंबई स्थित इस्कॉन) के अधिकार क्षेत्र में आती है।

# तुर्की के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

## सड़कों पर उतरा स्वदेशी जागरण मंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'सैन्य समर्थन' देने वाले देश तुर्की के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्की के उत्पादों, वहां की यात्रा और उसके सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आह्वान किया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में तुर्की के दूतावास के पास आयोजित किया गया था। इसमें स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने तुर्की के खिलाफ नारे लगाए और भारतीयों से 'तुर्किये की हर चीज का बहिष्कार करने' की अपील की। संगठन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, ''एसजेएम भारत के देशभक्त नागरिकों से हमारे सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्की के उत्पादों, वहां की यात्रा और सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आग्रह करता है। आरएसएस से संबद्ध एसजेएम ने बुधवार को सरकार से पाकिस्तान के साथ 'नापाक गठबंधन' के कारण तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था।

## कोर्ट ने आरोपी की संपत्तियों को कुर्क किए जाने की कार्यवाही के निर्देश दिए

### एमपी नगर थाना प्रभारी को हर महीने कोर्ट में रिपोर्ट करने के भी निर्देश

# नेशनल हेराल्ड मामले में एजेएल कंपनी के पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर नरेंद्र कुमार मित्तल फरार घोषित

विधिक संवाददाता ▶▶| भोपाल

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी किए जाने के मामले के आरोपी नरेंद्र कुमार मित्तल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हर्षा परमार ने फरार घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क किए जाने की कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने नरेंद्र कुमार मित्तल को फरार घोषित करते हुए आरोपी के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी कर एमपी नगर थाना प्रभारी को हर महीने कोर्ट में रिपोर्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी की संपत्तियों को कुर्क किए जाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।




**पुलिस ने 2 साल बाद केक काटकर डाल दिया था खात्मा :** नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी जाने का मामला वर्ष 2008 में महाराणा प्रताप नगर (एमपी नगर) थाने में नरेंद्र कुमार (एनके) मित्तल तथा हरमहेंद्र सिंह बग्गा के खिलाफ दर्ज हुआ था। पुलिस ने 2 साल बाद फरियादी मो. सईद, संजय चतुर्वेदी द्वारा एफआईआर की दूसरी वर्षगांठ मनाकर थाने में केक काटने के बाद आनन-फानन में खात्मा डाल दिया था। फरियादी मोहम्मद सईद ने पुलिस की खात्मा रिपोर्ट को कोर्ट में चुनौती दी थी।

### जो प्रकरण नेशनल हेराल्ड को लड़ना चाहिए था, वह कर्मचारियों ने लड़ा

आदेश में कहा गया है कि अभियुक्त एनके मित्तल पिता विलायतीराम के विरूद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट के संबंध में तस्दीक पंचनामा बनाए जाने वाले तामील कुनिंदा के कथन अंकित किए गए, जिससे यह दर्शित होता है कि अभियुक्त एनके मित्तल फरार हो गया है और उसके निकट भविष्य में मिलने की कोई संभावना नहीं है। अतः अभियुक्त को धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत फरार घोषित किया जाकर अभियुक्त एनके मित्तल पिता विलायतीराम के विरूद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए तथा संबंधित थाने से अभियुक्त की स्थायी वारंट की आमाद रिपोर्ट तलब की जाए। अधिवक्ता संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध धारा 82 एवं 83 दंड प्रकिया संहिता 1973 के तहत पृथक से कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि स्थायी वारंट में यह टीप अंकित की जाए कि थाना प्रभारी प्रत्येक एक माह की अवधि में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, स्थायी वारंट जारी करने की टीप लाल स्याही से मय जावक नंबर के आदेश पत्रिका की मार्जिन अंकित की जाए और संबंधित थाने का आवक नंबर भी लेख किया जाए। प्रकरण के मुख्य पृष्ठ पर लाल स्याही से यह टीप अंकित की जाए कि प्रकरण में अभियुक्त फरार है, प्रकरण सुरक्षित रखा जाए।

## उदयपुर, राजस्थान के मंडी इलाके में भारी बल तैनात

# दो समुदायों में हिंसक झड़प हमला कर दुकानें फूंकी

एजेंसी ▶▶| उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर जिले में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। नींबू खरीदने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने तलवार से हमला कर दिया है। इस घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर उतर आए। फिलहाल, कस्बे में तनाव का महौल है। उदयपुर के थाना मंडी इलाके में इस घटना के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हमलावरों ने आसपास खड़े ठेलों पर पथराव करते हुए कुछ ठेलों को आग के हवाले कर दिया। जिससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। घायलों को एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सहित चार थानों की पुलिस के मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर अतिरिक्त बल तैनात किया है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**इन गावों के किसान हैं प्रभावित**

*मुंबई से झारसुगुड़ा तक करीब 1300 किलोमीटर की गैस पाइप लाइन बिछाई गई है।इस योजना के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिले के किसान प्रभावित हुए। दुर्ग जिले के 21 गांव के लोगों की फसल नुकसान हुआ।* ▶▶शेष पेज 6 पर

# गैस पाइपलाइन चट कर गई 9 जिलों की फसल, मुआवजा नहीं मिला, गड्ढे में खेती

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

**हरिभूमि सरोकार**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु जो ई-रिक्शा चला सके 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-6917)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423.(RO-37748)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21000/- प्रतिमाह। रहने, खाने- पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-03)

**वार्डन/ड्रायवर**

आवश्यकता है- गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन, कुक, सफ़ाई कर्मी महिला, ई-रिक्शा ड्राइवर, गार्ड ( रहने, खाने की सुविधा) एवं ज्वेलरी शाप के लिए सेल्समैन की । संपर्क करे- जैन गर्ल्स हॉस्टल पचपेड़ी नाका, लक्ष्मी नगर 8859906595.(RO-7374)

**ड्रायवर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में गाडी चलाने के लिये ड्राइवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है। संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 74699-80000, 0771-4075490 (RO-6919)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- सम्पर्क :- 8815522974.(RO-6921)

हरिभूमि

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान 1. दुकान- कार्य 03- लड़को/ लड़कियों 2. सामान वितरण/ डिलीवरी - 04 लड़कों/ लड़कियों 3. खाता /अकाउंट कार्य-02 दो लड़कों /लड़कियों की आवश्यकता है। संपर्क- 09826192427, करमचंद मेडिकोज 17-A, पुराना मेडिकल कंपलेक्स, मेंकाहारा के पास, रायपुर। (RO-6904)

आवश्यकता है- कपड़े दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। पता सुमित बाजार लिंक रोड पावर हाउस भिलाई 9229393942.(आरो नं.-746)

आवश्यकता है- पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता , सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी 15000, बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.(RO-502)

आवश्यकता है- कपड़े दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। पता सुमित बाजार सुपेला घड़ी चौक भिलाई 9229393941. (आरो नं.-747)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में पैकिंग कार्य एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 9329684981. (RO-37738)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कृषि कार्य**

आवश्यकता है- पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध, संपर्क : 8435034111.(RO-92)

**मैनेजर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- प्रीमियम ड्रायफ्रूट्स के शोरूम में काम करने के लिए दो मैनेजर एवं तीन सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रायपुर 7000495264. (RO-37739)

**गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158.(RO-86)

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को कंपनी द्वारा जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-871)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - आवासीय प्लाट 1500 स्क्वायर फीट के तीन 30x50 बोरीया कला फूट मार्केट के पीछे रायुपर रेट 650 सम्पर्क करें:- 9826583835, 9977004200.(RO-6911)

प्लॉट बेचना है - मीनाक्षी नगर प्राइम location मे 3000 वर्गफिट डबल रोड का डाइवर्टेड प्लाट तुरंत घर बनाने योग्य Rs.1600/- वर्गफिट की दर से शीघ्र बेचना है। संपर्क - मो.- 90390-17682, 91319-17808.(आरो नं.-750)

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाजा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट - विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्क:- 7247006610, 7247006609.(आरो न.-7182)

बेचना है- चंद्रखुरी कौशल्या माता मंदिर से 500 मीटर पहले दिशा कॉलेज के पास 5600 वर्गफीट आगे पीछे रोड 600/- प्रति वर्गफीट से (2) माना बनरसी में 21742 वर्गफीट प्लॉट फ्रंट 127 का (3) बैरन बाजार कुंदन पैलेस के पास ढेबर आर्केड के नीचे दो दुकान लगभग 600 वर्गफीट संपर्क:- 9009604000..(RO-7344)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

**For Rent किराया**

मकान किराये से देना है- 3बीएचके, 3वाशरुम, कार पार्किंग, फर्निशड, 24 घंटे पानी, भूतल का फ्लैट, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, रायपुरनाका दुर्ग किराये से देना है शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता। मो.- 9893469253, 7887843302.(आरो -748)

आवश्यक सूचना

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा। संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515 (आरो न.-7179)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स की रिपोर्ट

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 151वें स्थान पर पहुंचा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस वर्ष 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा 180 देशों में किये गए सर्वेक्षण के अनुसार विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग पिछले वर्ष के 159वें स्थान से सुधरकर 151 हो गई है। फिनलैंड, एस्टोनिया और नीदरलैंड इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान पर हैं। रैंकिंग को अंतिम रूप देने के लिए दुनियाभर से 5,000 से अधिक व्यक्तियों से प्रतिक्रियाएं मांगी गई थीं। 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' के सहायक महानिदेशक थिबॉट ब्रुटिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने दुनियाभर में लगभग 5,000 व्यक्तियों की प्रतिक्रिया मांगी थी। इनमें नीति निर्माताओं, पत्रकारों और अन्य हितधारकों समेत विविध समूह शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि संगठन ने इन उत्तरदाताओं की पहचान उजागर नहीं की है और इस बात पर जोर दिया कि यह विभिन्न विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विविध समूह है। भारत में लगभग 900 निजी स्वामित्व वाले टीवी चैनल हैं, जिनमें से आधे समाचार चैनल हैं।



### 20,000 दैनिक समाचार पत्र

'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने बताया कि 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 1,40,000 प्रकाशन प्रकाशित होते हैं, जिनमें लगभग 20,000 दैनिक समाचार पत्र हैं, जिनकी संयुक्त प्रसार संख्या 39 करोड़ प्रतियों से अधिक है। सूचकांक में अमेरिका 57वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया (29वें), कनाडा (21वें) और चेक गणराज्य (दसवें) जैसे उच्च रैंकिंग वाले देशों में भी कुछ खास लोगों के हाथों में मीडिया का नियंत्रण होना चिंता का विषय है।

## प्रयागराजः शिक्षक ने जड़ा थप्पड़, छात्र की मौत; परिजन बोले-हत्या का केस दर्ज हो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्कूल टीचर के थप्पड़ से छात्र की मौत हो गई। नैनी पुलिस ने दो शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की है। परिजनों का आरोप है कि बच्चा पानी के लिए तड़पता रहा, लेकिन शिक्षकों का दिल नहीं पसीजा। नैनी थाना क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी निवासी वीरेंद्र के साढ़े तीन वर्षीय बेटे शिवाय की मौत हुई है। वह नर्सरी में पढ़ता था। इसी स्कूल में शिवाय की बहन पूर्वी और बड़ा भाई सुमित भी पढ़ता है। सुमित ने परिजनों को बताया कि शिवाय रो रहा था, टीचर उसे लेकर मेरे क्लास में आईं और बेंच पर बैठा दिया। शिवाय ने इसके बाद भी रोना बंद नहीं किया तो एक टीचर ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। जिससे उसका सिर बेंच से टकरा गया और शिवाय जमीन पर गिर गया। सुमित ने बताया, शिवाय के मुंह और नाक से खून बह रहा था। वह बार-बार मांगता रहा, लेकिन टीचर ने पानी पिलाया।

## गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 93 लोग मारे गए

दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया दौरे के समापन के बीच शुक्रवार को इजराइल द्वारा गाजा पर किए गए हमलों में कम से कम 93 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बला के बाहरी इलाकों और खान यूनिस शहर में बृहस्पतिवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक हमले किये गये। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। ट्रंप का खाड़ी देशों का दौरा शुक्रवार को समाप्त हो गया। इस मौके पर हालांकि ट्रंप ने इजराइल का दौरा नहीं किया। लोगों को उम्मीद थी कि ट्रंप के दौरे से युद्धविराम या मानवीय सहायता के रास्ते खुल सकते हैं। गाजा में इजराइल की नाकेबंदी का अब तीसरा महीना है। अपनी यात्रा के अंतिम दिन अबू धाबी में एक व्यापार मंच पर पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि वह गाजा समेत कई वैश्विक समस्याओं को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम गाजा की स्थिति पर नजर रख रहे हैं।''

## आईआईटी रूड़की का तुर्की यूनि. से करार रद्द

**देहरादून।** उत्तराखंड के रुड़की में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। आईआईटी रूड़की की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया गया कि एमओयू में छात्र और संकाय के आदान-प्रदान सहित संभावित शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए एक रूपरेखा थी। संस्थान के निदेशक कमल किशोर पंत ने बताया, "आईआईटी रूड़की राष्ट्रीय नीति और रणनीतिक हितों के समर्थन में दृढ़ता से खड़ा है। एक अग्रणी संस्थान के रूप में हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हमारी वैश्विक साझेदारी हमारे मूल्य, प्राथमिकताएं और सुरक्षा संबंधी विचारों को दर्शाए। हमारा ध्यान सार्थक और जिम्मेदार शैक्षणिक सहयोग बनाने पर रहता है जो भारत के विकास और वैश्विक स्थिति में योगदान दे।"

## पांचवीं सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा...



इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने दुनिया की पांचवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मकालू के शिखर पर पहुंचकर नई उपलब्धि हासिल की है। गृहमंत्री अमित शाह ने इन जवानों को बधाई दी है और शुक्रवार को अपने एक्स हैंडल पर इनकी तस्वीर भी जारी की है।

## 'देश न डंडे से चलेगा, न डर से' आखिर अब किस बात को लेकर भड़क उठे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



गुजरात में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'गुजरात समाचार' के सह-संस्थापक बाहुबली शाह को हिरासत में हिरासत में लिया है। बाहुबली शाह को हिरासत में लिए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भड़क उठे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने समाचार पत्र के सह-संस्थापक पर की गई इस कार्रवाई को लेकर सीधे मोदी सरकार पर निशाना साधा है। गांधी ने गुजरात समाचार के सह-संस्थापक को हिरासत में लिए जाने को लोकतंत्र की आवाज को दबाने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा 'देश न तो डंडे से चलेगा और न ही डर से, बल्कि सच्चाई और संविधान से चलेगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पर सरकार को घेरते हुए एक पोस्ट शेयर की है। गांधी ने कहा 'सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह ठहराने वाले अखबरों को बंद करना लोकतंत्र खतरे में होने का संकेत है। गुजरात समाचार को चुप कराने की कोशशि केवल एक समाचार पत्र की नहीं बल्कि पूरे लोकतंत्र की आवाज को दबाने की साजिश है।'

### लोकतंत्र की आवाज को दबाने की साजिश

'गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अखबार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज को दबाने की साजिश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं तब सम जाइए कि पूरा लोकतंत्र खतरे में है। बाहुबली शाह को हिरासत में लिया जाना डर की उसी राजनीति का हिस्सा है जो अब मोदी सरकार की पहचान बन चुकी है। अंत में उन्होंने कहा देश न डंडे से चलेगा और ना डर से भारत चलेगा सच और संविधान से।

## मीलॉर्ड! समंदर में फेंके गए 43 रोहिंग्या रिफ्यूजी

### सुप्रीम कोर्ट में दाखिल वापस लाने की अर्जी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल हुई है, जिसमें केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को हाथ और आंखें बांधकर समुद्र में फेंक दिया गया है। याची का कहना है कि इन लोगों को वापस लिया जाए। इस याचिका में सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा गया कि रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकार ने जबरन बाहर निकाला है। आरोप है कि 43 रोहिंग्या रिफ्यूजियों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा कई लोग तो इनमें ऐसे हैं, जिन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां भी हैं। याचिका में मांग की गई है कि इन शरणार्थियों को दिल्ली वापस लाया जाए और कस्टडी से रिहा किया जाए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को पहले एयरपोर्ट ले जाया गया। इसके बाज इन्हें पोर्ट ब्लेयर में ले जाकर नेवी के जहाजों में बिठा दिया गया। इस दौरान इन लोगों की आंखों और हाथों को बांध दिया गया था। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि इन लोगों की जिंदगी की परवाह किए बिना ही इन्हें समुद्र के पानी में फेंक दिया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, रामगढ़

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**अति–अल्पकालीनई–निविदा संख्या:-05/R1/2024-25/RWD/RAMGARH दिनांक :- 15.05.2025**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/21/2024-25/MMGSY | गोला | रकुवा तेतरिया टांड़ से गोदलबेड़ा शमशान घाट तक पथ का निर्माण कार्य। (कुल लम्बाई– 1.320 कि0मी0) | 141.109 | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–19.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–26.05.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–28.05.2025 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़,नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन–829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.352621 Rural Work Department(25-26):D



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए सोशल मीडिया एजेंसी का चयन

| महत्वपूर्ण जानकारी | |
|---|---|
| नोटिस संख्या | CPR/SECR/11/SM/PR.Social Media Tender/25-26 |
| कार्य का नाम | दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए सोशल मीडिया एजेंसी का चयन |
| आवश्यक जमानत राशि | ₹ 2,68,500/- |
| आवेदन पत्र का मूल्य | ₹ 5,000/- + 18% GST, अर्थात ₹ 5,900/- (वापसी योग्य नहीं हैं) |
| आवेदन पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 13/06/2025 दोपहर 3.00 बजे तक |
| आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13/06/2025 दोपहर 3.00 बजे तक |
| आवेदन खोलने की तिथि एवं समय | 13/06/2025 दोपहर 3.30 बजे |
| वेबसाइट पता | www.secr.indianrailways.gov.in |
| आवेदन जमा करने का स्थान | मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय, ग्राउंड फ्लोर, महाप्रबंधक कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर-495004 |

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/61



## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
### ई–प्रोक्योरमेंट निविदा अमंत्रण सूचना

क्र.137/न.पा.नि./यो.प्र./2025-26 दिनांक 16/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत '' डी '' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 168607 | REPAIRING AND PAINTING WORK AT RAGHURAJ SINGH STADIUM | 60.00 | 09 / 06 / 25 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



## कार्यालय नगर पंचायत गुरुर, जिला-बालोद (छ.ग.)
Phone No: 07749-265438, Email: nagarpanchayatgurur@gmail.com

क्रं./301/लो.नि.वि./न.प./2025-26 गुरुर दिनांक 16.03.2025

**-:: प्रथम रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) निविदा सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड क्र. 04 बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय प्रथम तल भवन, वार्ड क्र. 04 बस स्टैण्ड शौचालय, के 03 वर्ष के संचालन एवं संधारण कार्य हेतु पे एण्ड यूज आधारित शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश तहत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ पंजीकृत एनजीओ/स्व-सहायता समूह /फर्म से, मुहर बंद द्वि-लिफाफा पद्धति में रूचि की अभिव्यक्ति हेतु कार्यानुसार पृथक-पृथक आवेदन, आवश्यक दस्तावेज, अमानत राशि (एफ.डी.आर.) 10000.00 रूपये एवं निविदा शुल्क (डी.डी.) राशि 2000.00 रूपये के साथ निकाय में दिनांक 02.06.2025 समय अपरान्ह 05:30 बजे तक स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कि जा सकती है।

आवश्यक नियम, शर्ते एवं संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत के लोक निर्माण शाखा एवं विभागीय वेब साईट - http://www.uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)



## प्रेस विज्ञप्ति

**एचएससीएल के स्वैच्छिक सेवानिवृत कर्मचारियों के द्वारा दायर याचिका में माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा दिनांक 25.02.2025 को दिए गए आदेश के संदर्भ में सूचना।**

एचएससीएल के स्वैच्छिक सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा दायर रिट याचिका नं (एस) 6319/2016 बिशराम सिंह एवं अन्य विरुद्ध एचएससीएल एवं अन्य तथा 25 अन्य रिट याचिका (एस) में माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दिनांक 25.02.2025 को दिए गए आदेश के तहत एचएससीएल प्रबंधन द्वारा एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है, जिसकी सूचना एचएससीएल वेबसाइट की https://hsclindia.in (होम पेज-अपडेट) पर डाली गई है।

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 25.02.2025 प्रस्तर 8 के अनुसार गठित संयुक्त समिति सभी याचिकाकर्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों के दावों की जांच माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के प्रस्तर में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुक्रम में करेगी।

सूचना एवं अन्य अपडेट हेतु एचएससीएल की अधिकारिक वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करें।

आदेशानुसार



## संचालनालय कृषि, छ.ग. रायपुर

क्र/ एक्स.रि./खू.ब.पु. /2025-26/59 नवा रायपुर, दिनांक 14/05/2025

**// सूचना //**

**"डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार" हेतु आवेदन आमंत्रण**

छ.ग. शासन, कृषि विभाग के अधिसूचना क्रमांक / 4326/ कृषि/ 2001 रायपुर, दिनांक 17.10.2001 एवं अधिसूचना क्रमांक / 2310/ बी - 6 - 26 / 2004 / 14-2 दिनांक 08 जून, 2007 तथा पत्र क्रमांक/ 2607/ एफ-6-26/ पुर./ 2004/ 14-2 रायपुर, दिनांक 08.07.2011 द्वारा दी गई सहमति तथा अधिसूचना क्र / 1128 / बी - 6 - 26 / खू. ब. / 2015 /14-2 दिनांक 08.06.2015 द्वारा किये गये संशोधन अनुसार वर्ष 2025 हेतु "डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार" के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र संबंधित जिला के उप संचालक कृषि कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र संबंधित जिले के उप संचालक कृषि कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त सूचना की संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के वेबसाईट (Website)- www.agriportal.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

(राहुल देव)
भा.प्र.से.
संचालक कृषि,
छ.ग. रायपुर

G-252600911/1



## कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम
## (आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र./ 628 / आजाक / निर्माण / 2025-26 कबीरधाम दिनांक 16/05/2025

छ.ग. शासन एकीकृत प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के समक्ष वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से महरबंद निविदा फार्म "अ" में स्वीकृत प्राक्कलन प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत दिनांक 01.01. 2015 से प्रचलीत एवं निविदा आमंत्रित तिथि तक संशोधित दर पर जिला कबीरधाम के विकास खंड पंडरिया के भवन निर्माण कार्या की निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक - 09/06/2025 सांय 5.00 बजे तक।
2. भरी निविदा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि (पंजीकृत डाक के माध्यम से) - दिनांक 17/06/2025 सांय 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 18/06/2025 समय 11.00 बजे।

उक्त निविदा में 02 आगंनबाडी भवन निर्माण कार्यो निर्माण की कुल राशि रु. 23.38 लाख की निविदा आमंत्रित की गई है। सूचि तथा नियम व शर्तों को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

**टीप–** निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु निविदा की राशि का शासन के खाते में विभागीय मद में "जमा मुख्य शिर्षः-0250-अन्य सामाजिक सेवाये, लघुशीर्ष 102 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण योजना, से प्राप्तियां (निविदा प्रपत्र बिक्री से प्राप्ति) योजना क्रमांक-0175" चालान जमा कर चालान की मूल प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र निर्धारित दिनांक तक प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास,
वास्ते-कलेक्टर, जिला-कबीरधाम

G-252600960/3



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 14.05.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23/CE/NH/TC/44-10/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_859842_1 | Permanent rectification of Black Spot (ID No. CG- (03)-07) at Pairi River approach-Loharapta Bridge Gariyaband side from Km. 59.400 to Km.60.100 of NH-130C on SBD mode in the State of Chhattisgarh. | Rs. 136.54 Lakhs |
| 2. | 24/CE/NH/TC/44-17/2024 (2nd Call) | 2025_MoRTH_859964_1 | Short term maintenance of Takhatpur Ex. Road from Km. 26.542 to Km. 32.093, Mungeli Ex. Road from Km. 45.786 to Km. 56.275, Pandariya Ex. Road from Km. 82.582 to Km. 87.133 and Pondi Ex. Road from Km. 103.166 to Km. 104.756 = 22.181 Km on N. H.- 130A in the state of Chhattisgarh. | Rs. 226.87 Lakhs |
| 3. | 25/CE/NH/TC/44-29/2024 (3rd Call) | 2025_MoRTH_859959_1 | Construction of 5 Nos. Major Bridges at Km 88.200 (Ful- Chhindgarh River), Km. 122.600 (Malger River), Km. 145.000 (Penta Nalah), Km. 163.400 (Errabor River) and Km. 176.600 (Injaram Nalah) on NH-30 (Old NH-221) Jagdalpur-Sukma-Konta Road in the State of Chhattisgarh on EPC Mode. | Rs. 34.54 Crore |
| 4. | 26/CE/NH/TC/44-30/2024 (3rd Call) | 2025_MoRTH_859962_1 | Construction of 4 nos. Bridges at Km 47.000 (Jhiram nalla), Km. 123.000 (Kerlapal nalla), Km. 127.800 (Bodaguda nalla) and Km. 137.400 (Dubbatota nalla) on NH-30 (Old NH-221 ) Jagdalpur-Sukma-Konta road in the state of Chhattisgarh. | Rs. 21.81 Crore |
| 5. | 27/CE/NH/TC/44-11/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_859975_1 | Construction of Two LANE Road of submerged length from km-5.90 to 7.575 and km-32.275 to 33.400 of Bhopalpatnam-Venktapura-Warangal-Hyderabad lRoad of NH-163 in the State of Chhattisgarh. | Rs. 32.48 Crore |
| 6. | 28/CE/NH/TC/44-12/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_859976_1 | Reconstruction of Box Cell in Km. 31.600, Km. 31.700Km. 42.600, Km. 44.000, Km. 51.600, Km. 122.400, Km. 124.400, Km. 135.000, Km. 153.800 of NH-30(Old NH-221)l in the State of Chhattisgarh. | Rs. 9.60 Crore |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि स. क्र. 1 से 4 तक दिनांक 13.06.2025 सुबह 11.00 बजे तक है तथा स. क्र. 5 से 6 तक दिनांक 30.06.2025 सुबह 11.00 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/appसे डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

G- 252600920/3



## कार्यालय, नगर पंचायत राजिम, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)
दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036 E-mail- cmorajimnagar1@gmail.com

क्रमांक / 58 / न.पं. / लो.नि.वि./ 2025-26 राजिम, दिनांक 16/05/2025

**// द्वितीय ई - निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. Date of issue of Tender :- 17.05.2025
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid :- 30.05.2025
3. Last Date for Submission of physical bid :- 02.06.2025
4. Bid Open Date :- 02.06.2025

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 168745 | वार्ड क्र. 04 में शीतला तालाब का जीर्णोद्वार कार्य। | 48.13 लाख | 36100.00 | 1500.00 डी. डी. | 06 माह | 02.06.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत राजिम



## सार्वजनिक सूचना

**मेसर्स कोरबा पावर लिमिटेड** (पहले लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) जिसका पंजीकृत कार्यालय फ्लैट संख्या 5ए, पांचवीं मंजिल, डी.सं. 6-3-626/1/601, परनेश्वर अपार्टमेंट, आनंद नगर, खैरताबाद, हैदराबाद-500004 में है, बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करने का इरादा रखता है/आवेदन किया है। बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाना कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक है, जो टेलीग्राफ लाइनों और पोस्टों की नियुक्ति के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास है। के लिए सरकार द्वारा स्थापित या अनुरक्षित टेलीग्राफ का उद्देश्य, या इस प्रकार स्थापित या अनुरक्षित किया जाना है और निम्नलिखित ट्रांसमिशन के लिए कमीशनिंग, संचालन, रखरखाव और अन्य कार्यों के बाद सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य करेगा।

कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से ज्ञात) थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्विच यार्ड की यूनिट 3 और 4 (2X660 मेगावाट) से कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 400/765 केवी चांपा पूलिंग स्टेशन तक 400 केवीडी/सी (क्वाडमूस) समर्पित ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण।

प्रस्तावित 400 केवी डी/सी लाइन का निर्माण डबल-सर्किट टावरों पर किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लंबाई 47.6 किमी होगी।:-

**योजना का नामः** कोरबा पावर लिमिटेड (पूर्व में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के नाम से विख्यात) थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्विच यार्ड से 400/765 केवी चांपा पूलिंग स्टेशन तक 400 केवीडी/सी (क्वाडमूस) समर्पित ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण।

**योजना के अंतर्गत शामिल कार्यः**- इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें छत्तीसगढ़ राज्य के निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों से होकर, उनके ऊपर, चारों ओर और उनके बीच से गुजरेंगी।

| गांवों का नाम | तहसील | जिला |
|---|---|---|
| पतराही, खोरदाल, बारीडीह, कार्टबिटल, दर्राभाट, अखरपाली, बरैरी, मसान, कुदुरमाल, देवरी, देवीरमाल, उरग, भादा | कोरबा | कोरबा |
| बैगापाली, पकरीभाठा, भैंसामुरा, संडेल, तरदा, भांठापारा, कठनमाल, भाठापारा, धनवारपारा, कनकी, कटरापारा, जोगीपाली, डोंगरा, झिंका, मोहरा, मझगांव, गितारी, चिचोली, थिटोली, सरगबुंदिया, कटहरीमाल, बगदर, भाटापारा | करतला | |
| केराकछार, देवरी, पुरेना, तिंगीपुर, पहाड़िया, उरईखुर्द, उरईकलां, पंतोरा, परसाभाठा, केरा, रामपुर, दमखाचा, खारी, गतवा, पोथरापाली, किंद्रापारा, सरायजाली, बरबहा, सलियाभाठा, सत्तीगुड़ी, खैजा, बोहरापाली, नारा, खरमोरा, खरमोराबोकरेल, गोवाबंद, घटादेई, बैजलपुर, करमंदा, खोहा, मोहर, परसाभट्ठा, उसलापुर, अंगारखार, कांड्रा, कोलिहादेवरी | बलोदा | जांजगीर-चांपा |
| पाली, सिवनी, कनाइबंड, बोदसरा, बनारी, पुटपुरा, कर्रापाली, तेंदूभाठा, खैरवारटोला, मरकडिन, हाथीटिकरा, सबरिया, सरखों, नैला, पाहंदा, घनवा | जांजगीर | |
| जैतून, घनवा, तागा, परसदा, चोरभट्ठी, गरहोइया, पौना, बिरकोनी, गधोला. | अकलतरा | |

मार्ग संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। इसके द्वारा आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को लिखित रूप में प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/ अभ्यावेदन दें। अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित अधिकारी से संपर्क करें :

**नामः श्री सीवीके प्रसाद**
**पद का नामः संयुक्त उपाध्यक्ष**
**परियोजना कार्यालय का पताः ग्राम-** पताढ़ी, पोस्ट- तिलकेजा, जिला- कोरबा, छत्तीसगढ़- 495674
**मेल पताः cvk.prasad@adani.com** **फोन नंबर /फैक्स नंबरः +91 9589811111**

## जैकेट के शेष

### 99 फीसदी रहने वाले ....

की प्रिंसी मधुकर ने 87.43% हासिल किए हैं, जबकि दसवीं कक्षा की टॉपर रही रीना 79.57% ही हासिल कर सकी। टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं दो बार जांची गई हैं। गौरतलब है कि संस्कृत विद्यामंडलम में लंबे समय से भर्राशाही चल रही थी। परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी कंप्यूटर में नंबर फीड करते समय मनचाहे अंक देकर उत्तीर्ण कर दिया जाता था। यही नहीं एक ही छात्र की उत्तरपुस्तिका अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा हल की जाती रही थी। बीते वर्ष हरिभूमि ने इस पूरे रैकेट का भांडाफोड़ करते हुए खुलासा किया था। इसके बाद शैक्षणिक सत्र 2024-25 में परीक्षा की शुरुआत से ही कड़ाई बरती गई। परिणाम संस्कृत विद्यामंडलम के पेंशनबाड़ा स्थित कार्यालय में सचिव राकेश पांडेय ने जारी किया। 9वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के परिणाम जारी किए गए हैं।

**टॉप-10 सूची ....कक्षा-बारहवीं :** साजिदा परवीन, जांजगीर चांपा, 77.29%। 8. मनीषा, बलौदाबाजार, 76%। 9. ललिता बाई, जशपुर, 75.71%। 10. नंदनी, जांजगीर चांपा, 75.43%।

### जितनी देर में होता है ....

से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज एयरफोर्स स्टेशन पर जवानों से बातचीत की। इस दौरान भारतीय सशस्त्र बल के जवानों ने 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाए।

**हाई एनर्जी, हाई जोश देख आश्वस्त हूं :** रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर हाई एनर्जी और हाई जोश देखकर आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

**सही समय पर दिखाएंगे पूरी पिक्चर :** उन्होंने कहा कि सरकार और देश की जनता हर कदम पर, हर स्थिति में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सिंह ने कहा कि एक और बात मैं यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन 'सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। अब तक जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। जब सही समय आएगा, तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आपके सहयोग से हम इस पूरे क्षेत्र में आतंकवाद का समूल नाश करेंगे, ताकि कल को कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ आंख उठाने की भी हिमाकत न करे।

### कालेज छात्रा ट्रक ....

एल. तान्या रेड्डी की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। तान्या यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इसके लिए वह शंकर नगर कोचिंग में जाने के लिए निकली थी, तभी हादसा हुआ। तान्या के पिता पिछले चार-पांच दिनों से इंदौर गए हुए हैं। बताया जा रहा है, तान्या के पिता ज्योतिषि का कार्य करते हैं। घर में मां के अकेली होने की वजह से पुलिस ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी है। परिजनों के माध्यम से मृतका के पिता को कॉल कर घटना की जानकारी दी गई है। मृतका के पिता देर शाम तक इंदौर से लौटेंगे उसके बाद शनिवार को तान्या का पोस्टमार्टन कर शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। तान्या एल. रामकृष्ण रेड्डी की इकलौती बेटी थी।

### ऐसे हुआ हादसा ....

ट्रक की ठोकर लगने से युवती अपनी दोपहिया सहित गिर जाती है। स्कूटी ट्रक के सामने हिस्सा में फंस जाता है और छात्रा का सिर ट्रक के पहिये से कुचल जाता है और उसकी मौके पर ही मौत हो जाती है।

### पिता का सपना साकार ....

में सेवा दे रहे थी। वापस घर आने पर पिता द्वारा उसे भारत में सेवा देने के लिए प्रेरित किया जाता था। पिता की बात स्वीकारते हुए उन्होंने सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल का चयन किया और यहां हृदय की गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर पहुंचने वाले बच्चों की सर्जरी को अपना लक्ष्य बना लिया। बच्चों की सर्जरी के साथ पीडियाट्रिक हार्ट सर्जरी के ट्रेनर रूप में भी उनकी सहभागिता संस्थान को मिल रही है। संस्थान के निर्देश पर उन्होंने ना केवल भारत बल्कि दूसरे देशों में भी जाकर अपनी सेवा प्रदान की। निजी सेक्टर में बड़े पैकेज को नजर अंदाज कर उन्होंने सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। कोविड काल में उनके नेतृत्व में 2000 बच्चों की सर्जरी सफलता पूर्वक पूरी की गई। डा. रागिनी ने खुद को सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। वे कहती हैं कि इसमें सुकून है। बच्चों के स्वस्थ्य होने के बाद उनकी मुस्कान बेशकीमती होती है। उसे देखकर सेवा की उम्मीद और हौसला, दोनों बढ़ जाते हैं।

### पेशेगत सक्रियता के साथ ...

गुप्ता छात्र संघ राजनीति में प्रवेश किया और 1984 में पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए वर्तमान मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 700 बिस्तर अस्पताल आंदोलन का अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया। जूनियर डॉक्टर' संगठन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रायपुर एवं राज्य हॉस्पिटल बोर्ड, चिकित्सा छात्रों एवं जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन का संरक्षक कान नाक गला विशेषज्ञों की छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय इकाई में अलग-अलग पदों में 10 वर्षों तक रहे।

ईएनटी विशेषज्ञ के रूप में मध्य भारत में नाक के दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन करने वाले मध्य भारत के पहले विशेषज्ञ हैं। पिछले 33 वर्षों में 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कॉन्फ्रेंस में अतिथि अध्यक्ष वक्ता और कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई है। तंबाकू जनित कैंसर एवं धूम्रपान के कानूनी पहलुओं को जमीनी स्तर पर लागू करवाने में, जलवायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण और शहर के विकास को लेकर नीति निर्माता निर्धारकों से संयोजन एक प्रमुख सामाजिक जिम्मेदारी निभाई है। शहर के अंदर छोटी रेलगाड़ी के कारण ट्रैफिक की समस्या का समाधान और ऑक्सीजोन में वृहत निर्माण को सामाजिक आंदोलन के जरिए ऑक्सीजन की सामाजिक पहल में विशेष भूमिका रही है। वे हर वक्त जरूरत मंद लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं।

### अबूझमाड़ में रच-बस गए ....

पगडंडीनुमा रास्ता और नदी-नालों को छोटे से नाव में बैठकर पार करना सीधे जिंदगी दांव पर लगाने जैसा था। उस दौरान हैजा और कई तरह महामारी एक साथ कई गांवों में हुईं। इलाज के दौरान जंगल में बसे गांव की ओर निकले तो भालुओं से सामना हुआ। कैंप लगाकर कई दिनों तक गांव में रहना पड़ा जहां नाले का पानी पीकर गुजारा किया। कुतुल, पदमकोट और नेलांगुर गांव में पहाड़ी नाले में बहते हुए मौत से रूबरू हुए। टहनियों को पकड़कर लटके रहे बहते पहाड़ी नाले का पानी कम होने के बाद जान बच सकी। गरीब आदिवासियों को देखकर सेवा का जज्बा जागा और तभी से 30 साल अबुझमाड़ इलाके में बीत गए पता ही नहीं चला। अब वे कहते हैं कि अबूझमाड़ ने जिंदगी की उलझने सुलझा दीं और मैं सुकून को बूझ सका। अब यहीं रहना, यही जीना और यहीं मरना। सबकुछ यहीं।

# मोदी सरकार की नई पहल : हर महीने जानेंगे बेरोजगारी दर, निकालेंगे रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



**खास बातें**
- सांख्यिकी मंत्रालय ने जारी किये अप्रैल के आंकडे, 15-29 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी दर भयावह
- पढ लिखकर युवा तैयार हों तो उन्हें रोजगार मिले इसकी चिंता में जुटी केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में बेरोजगारी दर से निपटने में अब पूरी तरह कमर कस चुकी है। एक अध्ययन कराया जा रहा है कि युवाओं में बेरोजगारी की दर किस स्तर पर कितनी है। नीति आयोग में विशेषज्ञों का एक दल काम कर रहा है। वो केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय के इस आंकडे से चौक गया कि पढाई लिखाई कर एक अदद नौकरी पाने की लालसा रखने वाले युवाओं में बेरोजगारी की दर कुल बेरोजगारी दर से दोगुने से भी ज्यादा है। 15-29 वर्ष की आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 13.8 फीसदी रही, जब कि कुल बेरोजगारी दर 5.1 फीसदी रही। मंत्रालय की ओर से आंकडा अप्रैल तक का जारी किया गया है। जाहिर है यह आंकडा युवाओं के बीच रोजगार की कमी को उजागर करता है। विशेष रूप से पढ लिख कर शुरूआत की आयु में महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में, चिंताजनक रही। कैसे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके इस फार्मूले पर काम कर रहे नीति आयोग के विशेषज्ञों की टोली में से एक ने बताया कि एक समग्र योजना पर काम किया जा रहा है ताकि युवाओं में रोजगार की दर को दुरुस्त किया जा सके।

## पहली बार आंकड़े जारी

यह आंकड़ा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहले मासिक श्रम बल सर्वेक्षण से लिया गया है। यह पहली बार है जब भारत सरकार ने मासिक आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी किए हैं, जो देश में रोजगार की स्थिति को और अधिक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समझने में मदद करेगा। केंद्र सरकार के आंकडे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी रही, जबकि महिलाओं में यह 5 फीसदी दर्ज की गई। यह आंकड़ा वर्तमान साप्ताहिक स्थिति के आधार पर एकत्र किया गया है, जिसमें 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को शामिल किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 4.5 फीसदी थी, जो शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम है। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 6.5 फीसदी रही, जो शहरी केंद्रों में रोजगार की चुनौतियों को दर्शाती है। कुछ अन्य स्रोतों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12.3 फीसदी थी, जो युवा आबादी(15-29 वर्ष के लिए विशेष रूप से अधिक थी।

## 3 लाख 80 हजार 838 व्यक्ति के नाम शामिल

सूत्रों ने बताया कि सर्वेक्षण सैंपल में कुल 3 लाख 80 हजार 838 व्यक्तियों को शामिल किया गया। यह डेटा वास्तविक समय में रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति को समझने के लिए एकत्र किया गया, जिससे नीति निर्माताओं को त्वरित और सटीक जानकारी मिल सके। देश में पहली बार मासिक आधार पर बेरोजगारी के आंकड़े जारी किए गए हैं। पहले ये आंकड़े त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर जारी होते थे। मासिक डेटा नीति निर्माण में तेजी लाएगा और रोजगार योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाएगा। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, संगठित क्षेत्र में वेतन में 6% तक की वृद्धि दर्ज की गई, जो रोजगार की गुणवत्ता में सुधार का संकेत देता है। महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर में भी सुधार देखा गया, हालांकि युवा महिलाओं में बेरोजगारी अभी भी एक चुनौती बनी हुई है।

# अमेरिका से बाहर पैसे भेजने पर लगेगा 5 प्रतिशत टैक्स

**खास बातें**
- लाखों भारतीयों पर होगा असर
- रेमिटेंस पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अब अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को अपने घर पैसे भेजना महंगा पड़ सकता है। अमेरिकी सरकार रेमिटेंस यानी राशि भेजने पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाने का विचार कर रही है। इस संबंध में संसद में एक विधेयक भी लाने की तैयारी है, जिसे 'द वन बिग ब्यूटिफुल बिल' नाम दिया गया है।

**भारतीयों पर भी पड़ेगा असर :** इस कदम से सभी एच1बी और एल1 वीजा धारक प्रभावित होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर हैं। अक्टूबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच जारी किए गए सभी एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को मिले हैं। भारत को सबसे ज्यादा रेमिटेंस अमेरिका से ही मिलता है। भारत में आने वाले कुल रेमिटेंस का 27.7 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका से आता है। 2023-24 में भारत को कुल 10.14 लाख करोड़ रुपये का रेमिटेंस प्राप्त हुआ था। सबसे ज्यादा असर उन एनआरआई पर होगा, जो भारत में अपने परिवार को नियमित वित्तीय मदद भेजते हैं।

### नए विधेयक में क्या-क्या है?

'द वन बिग ब्यूटिफुल विधेयक' को अमेरिकी हाउस वेज एंड मीन्स समिति की तरफ से जारी किया गया है। 389 पन्नों के इस विधेयक में ऐसे सभी तरह के पैसों के ट्रांसफर पर 5 प्रतिशट टैक्स लगाने का प्रावधान है। विधेयक में न्यूनतम राशि का भी जिक्र नहीं है। यानी हर ट्रांसफर पर टैक्स देना होगा। सरकार ने विधेयक का उद्देश्य कर में छूट प्रदान करना, सरकारी खर्च को कम करना और सीमा सुरक्षा को मजबूत करना बताया है।

# इराक के कार्गो शिप पर सवार पाक नागरिक को करवार बंदरगाह पर नहीं मिली एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- जब तक माल उतरा भारतीय अधिकारियों के पास रहे चालक दल के फोन

इराक के एक मालवाहक पानी जहाज पर पाकिस्तानी और सीरियाई नागरिकों के सवार होने के कारण जहाज के चालक दल के सदस्यों को कथित तौर पर कर्नाटक के करवार बंदरगाह पर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। बंदरगाह के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार उन्हें वापस भेज दिया गया है। अधिकारियों ने यह निर्णय हाल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जारी किए गए बंदरगाह सुरक्षा निर्देशों के मद्देनजर लिया है। बंदरगाह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह जहाज इराक के अल जुबैर से तारकोल लेकर कारवार बंदरगाह पहुंचा था। जहाज के चालक दल में 15 भारतीय, एक पाकिस्तानी और दो सीरियाई नागरिक शामिल थे।

### चालक दल के सभी मोबाइल कब्जे में

अधिकारियों ने बताया कि जहाज के कप्तान के माध्यम से चालक दल के सदस्यों के मोबाइल फोन कब्जे में ले लिए गए थे, ताकि वे बाहर किसी से संपर्क न कर सकें और वे पाकिस्तानी और सीरियाई नागरिक जहाज पर ही दो दिन तक कैद रहे जब माल उतारा जा रहा था। निर्देशों के अनुसार, जहाज चालक दल के सदस्यों के साथ भारतीय जल क्षेत्र से बाहर चला गया है। बंदरगाह के अधिकारी ने कहा, 'हालांकि अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों के चालक दल में अक्सर विभिन्न देशों के लोग होते हैं, लेकिन उन्हें भारतीय बंदरगाहों पर विशेष अनुमति के बिना उतरने की इजाजत नहीं होती।

## पेज एक के शेष

### गैस पाइपलाइन चट कर...

इससे किसानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वर्तमान में खेतों में गड्ढे, किसानी लायक नहीं :** प्रभावित किसानों ने बताया कि रबी फसल की किसानी की शुरूआत इसी महीने से होनी है। हर किसान के खेतों में पाइप लाइन डालने के बाद उसे समतल नहीं किया गया है। पांच से छह फीट तक गड्ढे.हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन इसी हाल में पड़ा है। जिसकी वजह से किसान रबी फसल किसानी शुरू नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में खर्रा जुताई के लिए ट्रैक्टर नहीं ले जा पा रहे। न ही गुड़ाई का काम कर पा रहे।

**पूर्व सीएम बघेल ने पीड़ितों के साथ किया था प्रदर्शन :** गैस पाइप लाइन डालने की वजह से फसलों की क्षतिपूर्ति और जमीन मुआवजा को लेकर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीड़ितों का साथ दिया था। तब पाइप लाइन बिछाने वाली गेल इंडिया कंपनी के अधिकारियों ने एसडीएम व तहसीदार के समक्ष यह भरोसा दिलाया था कि एक महीने के भीतर ही फसल क्षतिपूर्ति व जमीन मुआवजा दे देंगे।

### इन गावों के किसान...

इनमें अहेरी, बागडूमर, बोड़ेगांव, ढ़ौर, हिंगनाडीह ,जताखर्रा, रवेलीडीह, सेमरिया से लेकर राजनांदगांव एरिया से लगे गांव भिभौंरी आदि आते हैं। इन गावों के किसान फसल क्षति मुआवजा के लिए भटक रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की...

सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश दिया था कि वन क्षेत्र में यथास्थिति बनी रहे और कोई नया काम न हो। इसके बावजूद पेड़ों की कटाई की गई, जो आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर वह चाहती है कि उसके मुख्य सचिव को किसी भी गंभीर कार्रवाई से बचाया जाए तो वह 100 एकड़ वन भूमि को पहले जैसा करने की योजना लेकर आए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश दिया था कि वन क्षेत्र में यथास्थिति बनी रहे और कोई नया काम न हो। इसके बावजूद पेड़ों की कटाई की गई, जो आदेश का उल्लंघन है। मामले में अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

**सरकार कोर्ट के आदेश का पालन करेगी : सिंघवी :** तेलंगाना सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अब वहां कोई गतिविधि नहीं हो रही है और सरकार कोर्ट के आदेशों का पूरा पालन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल को तेलंगाना सरकार को फटकार लगाई थी। बेंच ने कहा- हमें केवल पर्यावरण को होने वाले नुकसान की चिंता है। बेंच ने तेलंगाना सरकार से कहा कि इस बीच, वहां एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा।

**कांचा फारेस्ट एरिया का एक पेड़ भी न कटे :** पेड़ों को काटने की कांग्रेस सरकार की जल्दबाजी पर सवाल उठाते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने यह भी कहा कि वह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 'ऑउट ऑफ दे वे' जाने से पीछे नहीं हटेगी। बेंच ने यह भी कहा कि कांचा गाचीबोवली फॉरेस्ट एरिया में इस भूमि पर एक भी पेड़ नहीं काटा जाना चाहिए।

**आपके लिए बेहतर होगा योजना बनाकर लाएं :** जस्टिस गवई ने तेलंगाना सरकार के वकील अभिषेक सिंघवी से कहा कि अपनी कार्रवाई को सही ठहराने के बजाय, आपके लिए बेहतर होगा कि इस बारे में कोई योजना बनाकर लाएं कि आप उस 100 एकड़ भूमि को कैसे बहाल करेंगे। वरना हम नहीं जानते कि आपके कितने अधिकारियों को उसी जगह पर बनाई जाने वाली अस्थायी जेल में जाना पड़ेगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा...

है कि सक्षम प्राधिकारी की परमिशन के बिना बड़ी संख्या में पेड़ों को कैसे गिराया गया। बुलडोजर का इस्तेमाल कैसे किया गया। यदि आप निर्माण करना चाहते थे, तो आपको प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था, परमिशन लेनी चाहिए थी।

### कोर्ट की तीन दिन...

आदेश दिया था कि वन क्षेत्र में यथास्थिति बनी रहे और कोई नया काम न हो। इसके बावजूद पेड़ों की कटाई की गई, जो आदेश का उल्लंघन है।

### दुर्ग की बेटी फ्रांस...

ग्लोबल वार्मिंग पर रैम्प वॉक कर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। हरिभूमि से विशेष बातचीत में जूही ने बताया कि शनिवार को वे फ्रांस के लिए रवाना हो रही है। जहां जूही जलवायु परिवर्तन और विश्व शांति को लेकर अपनी प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ समेत दुर्ग जिले का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने अपनी इस सफलता को लेकर कहा कि आपकी सोच अच्छी होनी चाहिए। मैं कुछ भी करती हूं या फिर आज कांस में जा रही हूं तो मुझे उसके बाद क्या करना है, मेरे दिमाग में पहले से तय है। बचपन की कठिनाइयों ने शायदा दूरदर्शी बना दिया है। ब्यूटीशियन जूही व्यास मिस इंडिया आईएनसी के तहत ग्रीन पेश के सहयोग से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### मिस इंडिया आईएनसी में...

प्यूपल्स ऑफ च्वाइस का खिताब हांसिल करने वाली पहली भारती पहली थी। जूही ने 2024 में चीन में आयोजित मिस ग्लोबल की जूरी में भी शामिल हुईं। जो अपने आप में बड़ी बात है। इसमें किसी भारतीय महिला को जूरी टीम में शामिल किया गया था। इसके साथ ही 2025 में आयोजित एशियन-यूरोपियन पेरिस फैशन वीक में वॉक कर चुकी है। इसके अलावा जूही 6 अंतराष्ट्रीय डिजाइनर के लिए वॉक कर चुकी है। जूही एक पेजेंट ग्रूमिंग मेंटर, प्रोफेशनल मेकअप आर्टटिस्ट और सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा सतर्कता विभाग ने शुक्रवार को एक अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी (एबीडीओ) को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही उनके पास आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति होने का पता चला था, जिसमें एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पांच भूखंड और 70 लाख रुपये की जमा राशि शामिल थी। अधिकारी ने बताया कि उनके पास आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति होने के संदेह के आधार पर सतर्कता टीमों ने जाजपुर, कटक, भद्रक और खुर्दा जिलों में सात स्थानों पर छापे मारे। राज्य की राजधानी भुवनेश्वर खुर्दा जिले के अंतर्गत आती है।

## आतंकियों को नए पैटर्न से की जा रही फंडिंग

# मंदिर में क्यूआर कोड से दान करते समय रहें सावधान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- नागपुर में मोहम्मद एजाज अंसारी पर दर्ज हुआ है मामला

| 1 | प्री.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास कोरबा का भवन निर्माण कार्य | कोरबा | 152.76 | 1,14,570/- |
| 2 | प्री.मै. अनुसूचित जाति बालक छात्रावास करतला का भवन निर्माण कार्य | करतला | 152.76 | 1,14,570/- |
| | | योग:- | 305.52 | |

नोट:-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 12 माह (वर्षा ऋतु सहित)
2. ठेकेदारो की श्रेणी "सी" क्लास या उससे उपर।

टीप:- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

G-252600933/4

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- भंडार बढ़कर 690 .61 अरब डॉलर पर
- स्वर्ण भंडार बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पहुंच गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रहा था।

सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.52 अरब डॉलर बढ़कर 86.34 अरब डॉलर हो गया।

### भारत की विशेष आहरण अधिकार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रहा।केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रहा।

## जुबिलेंट फार्मोवा का लाभ 151.3 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फार्मोवा लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 151.3 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 61.8 करोड़ रुपये रहा था। एकीकृत परिचालन आय पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,928.8 करोड़ रुपये रही।

### मैच में सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर होंगी

# आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का रोमांच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

■ भारत-पाक तनाव के कारण स्थगित हुआ था टूर्नामेंट

आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी।




### विराट के सम्मान में सफेद जर्सी पहनेंगे

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे।

### लौटे विदशी खिलाड़ी

कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

### केकेआर के बल्लेबाज फेल

केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं। टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गये हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।



### पडिक्कल-हेजलवुड चोटिल

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

### दोहा डायमंड लीग : दूसरे स्थान पर रहे नीरज

# 90 मीटर का लक्ष्य पार...




### पारुल ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

*भारत की पारुल चौधरी ने दोहा डायमंड लीग में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर छठा स्थान हासिल किया। पारुल ने नौ मिनट 13.39 सेकंड का समय लेकर अपना ही नौ मिनट 15.31 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में बनाया था। वह बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 14 एथलीटों में छठे स्थान पर रही। इसके साथ ही उन्होंने साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। वहीं पहली बार डायमंड लीग में उतरे गुलवीर सिंह पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में नौवें स्थान पर रहे।*

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय जेवलिन स्टार नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में आखिरकार 90 मीटर थ्रो करके इतिहास रच दिया। नीरज चोपड़ा अपने जेवलिन करियर में पहली बार 90 मीटर तक का भाला फेंका। नीरज ने यह उपलब्धि टूर्नामेंट में अपने तीसरे थ्रो में 90.23 मीटर भाला फेंककर हासिल की। यह नीरज का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

### लीग के विजेता

| खिलाड़ी | भाला थ्रो |
|---|---|
| जूलियन वेबर | 91.06 मीटर |
| नीरज चोपड़ा | 90.23 मीटर |
| एंडरसन पीटर्स | 85.64 मीटर |

मैच की बात करें तो नीरज ने अपने पहले प्रयास में ही 88.44 मीटर की दूरी तय करते हुए प्रतियोगिता की शुरुआत की। साथ ही विरोधियों को चैलेंज देते हुए बता दिया था कि वह किस लय में हैं। हालांकि, दूसरे प्रयास में चोपड़ा फाउल कर बैठे। इसके बावजूद भी वह बढ़त बनाए हुए थे। हालांकि, आखिरी राउंड में जूलियन वेबर ने नीरज चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया। जूलियन ने 91.06 मीटर भाला फेंककर अपना सीजन बेस्ट परफार्मेंश किया। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, पीटर्स तीसरे पोजिशन पर रहे।

### भावुक हुए रोहित

# अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया।

सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता।

मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा।'

# बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लिगा चैंपियन, यमाल ने दिलाई जीत

■ 2-0 से एस्पेनयॉल को हराया

■ 2 मैच शेष रहते हुआ फैसला

■ 53वें में यमाल ने दागा गोल

■ 95वें मिनट में लॉपेज का हिट

■ 36 मैचों में बार्सिलोना की 27वीं जीत



एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

किशोर खिलाड़ी लैमिन यमाल के शानदार गोल की मदद से बार्सिलोना ने गुरुवार रात को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) खिताब को अपने नाम किया। मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमाल ने 53वें में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लॉपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिल रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सीलोना की बराबरी करना संभव नहीं है। बाईस साल के पेड्री का यह बार्सीलोना के लिए 200वां मैच था।


बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, नया रायपुर
ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत

ई-नीलामी तिथि एवं समय : 10.06.2025 प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

| क्र. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | | आरक्षित मूल्य (लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोतरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक ब) कब्जा दिनांक स) बकाया राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जगदलपुर शाखा:- ऋणी:- श्री खिरेन्द्र पाणिग्रही/मेसर्स पाणिग्रही ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन एंड जमानतदार- श्रीमती सत्यभामा पाणिग्रही | रिहायशी संपत्ति :- सर्वे नं. प.ह.नं.-32खसरा नं. 971/4 (971/3 (पुराना भाग), ग्राम मलगांव, रा.नि.मं.-बकावंड, तहसील-बकावंड, पंजीयन के अंतर्गत उप जिला जगदलपुर एवं जिला बस्तर छत्तीसगढ़, अनुमानित क्षेत्रफल 4356 वर्गफीट श्रीमती सत्यभामा पाणिग्रही के नाम पर पंजीकृत, चौहद्दी.;(डीड के अनुसार) उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-रास्ता, पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-खसरा नं. 968, (वास्तविक भूमि) उत्तर-श्यामकांत की भूमि, दक्षिण-रास्ता, पूर्व-श्यामकांत की भूमि, पश्चिम-खसरा नं. 971/4. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 16.44 / ₹ 1.64 / ₹ 0.10 | A)21.07.2023 B)27.08.2024 C)₹ 17.84 |
| 02. | (i) एआरबी(रायपुर):- ऋणी:- श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता स्व. एम.सी. मिश्रा (आवेदक- हाऊसिंग लोन), श्रीमती ज्योति मिश्रा (सह-आवेदक हाऊसिंग लोन), श्रीमती श्यामा देवी मिश्रा (जमानतदार- हाऊसिंग लोन) (ii) मेसर्स महामाया केमिकल्स प्रोप. - श्री फनीन्द्र मिश्रा पिता स्व. एम.सी. मिश्रा. | A. रिहायशी संपत्ति :- फ्री होल्ड भूमि खसरा नं. 672/41 (भाग) प्लॉट नं. 22, वार्ड नं. 14, कमर्शियल शॉप, शिव मंदिर के पास, विद्यानगर, मौजा- जूना बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, बिलासपुर (छ.ग.) श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता स्व. श्री एम.सी. मिश्रा के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल-4000, वर्गफीट, चौहद्दी: उत्तर विजय तिवारी का मकान, दक्षिण-एस.एस. कौशिक का मकान, पूर्व-मिशनरी रोड, पश्चिम -गुप्ता जी का मकान, (सांकेतिक कब्जा) | A. | ₹ 272.00 / ₹ 27.2 / ₹ 0.50 | अ)02.02.2024 ब)13.08.2024 स) ₹ 42.40 एवं ₹ 429.22 |
| | | B. कमर्शियल संपत्ति :- साम्यिक बंधक फ्री होल्ड भूमि खसरा नं. 386/01 एवं 386/2 प, शीट नं. 02, ब्लॉक नं. 06, प्लॉट नं. 379, कमर्शियल शॉप, स्थित शॉप नं. A-308, प्रथम तल, वृंदावन कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.) श्री फनिन्द्र मिश्रा पिता स्व. श्री एम.सी. मिश्रा के नाम पर क्षेत्रफल 336 वर्गफीट में स्थित. चौहद्दी: उत्तर संजय अग्रवाल की संपत्ति, दक्षिण-शॉप नं. A-309, पूर्व-शॉप नं. A-321, पश्चिम-मिशनरी रोड. (सांकेतिक कब्जा) | B. | ₹ 25.50 / ₹ 2.55 / ₹ 0.25 | |
| 03 | एआरबी(रायपुर) शाखा:- श्री अरविंद यादव पिता श्री रमेश यादव, श्रीमती पद्मिनी यादव पति श्री अरविंद यादव, श्री रविन्द्र यादव पिता श्री रमेश यादव एवं श्री प्रवीन यादव पिता श्री रमेश यादव | भूमि एवं भवन :- स्थित मौजा : रावाभाठा, छत्रपती वार्ड नं. 14, प.ह.नं. 100/28, रा.नि.मं. धरसींवा-2, भूमि परिवर्तित खाता नं. 4485 (भाग), सिल्तरा स्टोरेज कन्स्ट्रक्शन रावाभाठा, रायपुर, शहर, तहसील एवं जिला - रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 11,300 वर्गफीट श्री प्रवीण यादव, श्री अरविंद यादव एवं श्री रविन्द्र यादव तीनों भाईयों में बंटी हुई संपत्ति जो कि निम्नानुसार है (1) अरविंद यादव - 3766 वर्गफीट, (2) रविन्द्र यादव - 3767 वर्गफीट (3) प्रवीण यादव- 3767 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर- विकास जैन की भूमि, दक्षिण - रोड, पूर्व - ए.आर. इंजीनियर, पश्चिम-रोड, (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 88.90 / ₹ 8.89 / ₹ 0.25 | अ) 17.09.2022 ब) 06.01.2023 स) ₹ 55.94 |
| 04. | एआरबी(रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता : आर. एंड डी. इंटरप्राईजेस (भागीदार : श्री धर्मेन्द्र द्विवेदी पिता जय नारायण द्विवेदी एवं श्रीमती ज्योति द्विवेदी पति धर्मेन्द्र द्विवेदी | कारखाना भूमि एवं भवन :- (i) साम्यिक बंधक कारखाना भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 924/4 (पुराना खसरा नं. 924 भाग) ग्राम-कुरूद, प.ह.नं. 74/13, आर.आई.सी.-मंदिरहसौद, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 19366 वर्गफीट, मेसर्स आर.एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर -साहुराम की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- सुंदरलाल की भूमि, पश्चिम - केशव की भूमि (डीड अनुसार) (सांकेतिक कब्जा) | (i) | ₹ 32.27 / ₹ 3.22 / ₹ 0.25 | अ) 24.08.2023 ब)17.12.2023 स)₹ 102.16 |
| | | (ii) कारखाना भूमि एवं भवन :- साम्यिक बंधक कारखाना भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 924/5 (पुराना खसरा नं. 924 भाग) ग्राम-कुरूद, प.ह.नं. 74/13, आर.आई.सी.-मंदिरहसौद, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) अनुमानित क्षेत्रफल 18292 वर्गफीट, मेसर्स आर.एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर -साहुराम की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- केशव की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि (डीड अनुसार) (सांकेतिक कब्जा) | (ii) | ₹ 29.78 / ₹ 2.97 / ₹ 0.25 | |
| | | (iii) प्लांट एवं मशीनरी :- बंधक प्लांट एवं मशीनरी स्थित खसरा नं. 924/4 (पुराना खसरा नं. 924 भाग), प.ह.नं. 74/13 एवं खसरा नं. 924/5 (पुराना खसरा नं. 924 भाग), प.ह.नं. 74/13, अनुमानित क्षेत्रफल 18292 वर्गफीट आर.आई.सी. मंदिरहसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) मेसर्स आर एंड डी. इंटरप्राईजेस के नाम पर स्थित. (सांकेतिक कब्जा) | (iii) | ₹ 17.21 / ₹ 1.72 / ₹ 0.25 | |
| 05. | एआरबी(रायपुर) शाखा:- 1. श्री डी.रामाराव, 2.श्री डीनाथ राव (सह-ऋणी), 3. श्रीमती डी. रत्ना राव (सह-ऋणी), 4. श्री सुनील कुमार राव (सह-ऋणी) | रिहायशी मकान :- फ्री-होल्ड मकान शामिल है, खसरा नं. 556/55, प.ह.नं.108/38, खाता नं. 653, रा.नि.मं. रायपुर-4, वीर शिवाजी वार्ड नं. 7, मौजा खमतराई, सन्यासीपारा तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। जो कि श्री डी.रामाराव के नाम पर स्थित है, क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट, चौहद्दी: उत्तर-श्री महेश रंगारी की संपत्ति, दक्षिण-श्री भुवनेश्वर ठाकुर की संपत्ति, पूर्व-श्री तेलगू की संपत्ति, पश्चिम-सड़क, (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 103.90 / ₹ 10.39 / ₹ 0.50 | अ) 16.08.2024 ब) 30.11.2025 स) ₹ 58.53 |
| 06. | बेमेतरा शाखा :- श्री अशोक कुमार भार्गव पिता पंच राम भार्गव जमानतदार:- श्री अश्विनी कुमार मिरे | रिहायशी मकान :- साम्यिक फ्रीहोल्ड रिहायशी मकान संपत्ति स्थित खसरा नं. 331/49 भाग, प.ह.नं.-12, वार्ड नं. 15, ग्राम-नवागढ़, तहसील-नवागढ़, जिला-बेमेतरा, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट श्री अशोक कुमार भार्गव पिता पंचराम भार्गव के नाम पर. (भौतिक कब्जा) | | ₹ 13.18 / ₹ 1.31 / ₹ 0.10 | अ)31.03.2018 ब) 13.07.2018 स) ₹ 16.55 |
| 07. | भाटापारा शाखा मेसर्स आंचल ट्रेडर्स प्रोप. श्रीमती वर्षिता गिद्वानी पति श्री गुलाब गिद्वानी एवं जमानतदार (1) श्री मुकुंद राम यदु, पिता श्री राम चंद यदु, (2) श्री गुलाब गिद्वानी पिता श्री प्रीतम दास गिद्वानी | रिहायशी संपत्ति :- फ्रीहोल्ड भूमि में स्थित,खसरा नं. 55/1 ग्राम-नेहरी प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. एवं तहसील भाटापारा, जिला बलौदा बाजार,क्षेत्रफल 11707.00 वर्गफुट श्री मुकुंद यदु पिता श्री राम चंद यदु के नाम पर स्थित, चौहद्दी (विक्रय विलेख के अनुसार बुक क्र-1 दस्तावेज क्रमांक 1, दिनांक 02.07.2014 के अनुसार):- उत्तर- सरकारी भूमि, दक्षिण- रामलाल की भूमि, पूर्व- महेन्द्र की भूमि, पश्चिम- सड़क। चौहद्दी (वास्तविक के अनुसार):- उत्तर- खसरा नंबर 55/3, दक्षिण- खसरा नंबर 54, पूर्व- खसरा नंबर 56, पश्चिम- सड़क. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 20.00 / ₹ 2.00 / ₹ 0.25 | अ) 03.01.2024 ब) 21.05.2024 स)₹ 19.55 |
| 08. | एआरबी(रायपुर) शाखा:- मेसर्स-महामाया केमिकल्स, प्रोपराईटर - श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री फनिन्द्र मिश्रा एवं जमानतदार- श्री फनिन्द्र मिश्रा | कमर्शियल शॉप : (A) सभी भाग एवं आंशिक भाग की अचल संपत्ति स्थित शॉप नं. 151, भूतल, स्वरूप प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 (भाग), ब्लॉक नं. 95,96, आनंद टॉकिज के पास, हलवाई अब्दुल हमीद वार्ड नं. 36, मौदहापारा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 205 वर्गफीट श्री फनिन्द्र मिश्रा(जमानतदार) के नाम पर स्थित, चौहद्दी:- उत्तर-मीटर रूम, दक्षिण-आम रास्ता, पूर्व-ऑफिस नंबर 152, पश्चिम-ऑफिस नंबर 150. (सांकेतिक कब्जा) | A. | ₹ 35.72 / ₹ 3.57 / ₹ 0.25 | अ) 21.03.2024 ब) 01.06.2024 स) ₹ 78.62 |
| | | कमर्शियल शॉप : (B) सभी भाग एवं आंशिक भाग की अचल संपत्ति स्थित शॉप नं. 152-A, भूतल, स्वरूप प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 (भाग), ब्लॉक नं. 95,96, आनंद टॉकिज के पास, हलवाई अब्दुल हमीद वार्ड नं. 36, मौदहापारा, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 115.03 वर्गफीट श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री फनिन्द्र मिश्रा के नाम पर स्थित, चौहद्दी:- उत्तर-दुकान नंबर 157-C, दक्षिण-दुकान नंबर 152, पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-दुकान नंबर 151. (सांकेतिक कब्जा) | B. | ₹ 20.55 / ₹ 2.05 / ₹ 0.25 | |
| | | प्लॉट : (C) सभी भाग एवं आंशिक भाग की खुली भूमि स्थित खसरा नं. 384/27, मौजा ग्राम-भाटागांव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नं. 63, प.ह.नं. 105/47, रा.नि.मं., रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर, क्षेत्रफल 1925 वर्गफीट श्री फनिन्द्र मिश्रा (जमानतदार) के नाम पर स्थित, चौहद्दी:- उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-रास्ता, पूर्व-खुला प्लॉट, पश्चिम-रास्ता. (सांकेतिक कब्जा) | C. | ₹ 26.18 / ₹ 2.61 / ₹ 0.25 | |
| 09. | बेमेतरा शाखा उधारकर्ता श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव | रिहायशी भूमि एवं भवन : भूमि का वह सारा टुकड़ा जिसमें भवन, शेड और ढांचे खड़े हैं. प्लाट नं. डी-104 खसरा नं. 353/7, प.ह.नं. 31 समृद्धि विहार कॉलोनी गांव-फरी जिला-बेमेतरा क्षेत्रफल -1000 वर्गफीट । श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव एवं श्रीमती कुसुम यादव पति श्री राहुल यादव के नाम पर. चौहद्दी : उत्तर-रोड, दक्षिण-ईडब्ल्यूएस भूमि,पूर्व-प्लॉट नं. डी-103, पश्चिम-प्लॉट नं. डी-105 (भौतिक कब्जा) | | ₹ 4.10 / ₹ 0.41 / ₹ 0.10 | अ) 01.05.2019 ब) 07.03.2020 स) ₹ 10.23 |
| 10. | पथरिया शाखा:-श्री रमेश सिंह पिता राजकुमार सिंह एवं श्रीमती प्रियंका सिंह | फ्लैट:- सभी एवं आंशिक भाग की संपत्ति संबंधित फ्लैट नं. ए-502, पाँचवी मंजिल, टॉवर- A-502, सुंदर विहार कॉलोनी के पास, राज महल ग्रीन टॉवर, कुरूद, वार्ड नं. 16, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) कारपेट एरिया 750 वर्गफीट सुपर बिल्टअप एरिया 1125 वर्गफीट, चौहद्दी- उत्तर-फ्लैट नं. 501, दक्षिण-खुला आकाश, पूर्व-फ्लैट नं. 504, पश्चिम-खुला आकाश. (भौतिक कब्जा) | | ₹ 18.75 / ₹ 1.87 / ₹ 0.25 | अ) 07.06.2023 ब) 18.09.2023 स) ₹ 27.56 |
| 11. | व्यापार विहार शाखा:- 1. श्रीमती श्वेता दीक्षित पति श्री विश्वास दीक्षित 2. श्रीमती निर्मला दीक्षित पति श्री सोहन लाल दीक्षित | A) ओपन प्लॉट : साम्यिक बंधक, फ्री होल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 536/1 (भाग), प्लॉट नं. एएस-41, प.ह.नं. 28/03, वास्तु विहार कॉलोनी, बस स्टैण्ड के पास, मौजा-सीपत, ब्लॉक मस्तुरी, रा.नि.मं. सीपत, तहसील मस्तुरी, जिला-बिलासपुर श्रीमती निर्मला दीक्षित के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल-2800 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर-20' डब्ल्यू.बी.एम. रोड, दक्षिण-प्लॉट नं. AS-42 श्वेता दीक्षित, पूर्व-20' डब्ल्यू.बी.एम. रोड, पश्चिम-प्लॉट नं. AS-51, (भौतिक कब्जा) | A. | ₹ 9.75 / ₹ 0.97 / ₹ 0.10 | अ)01.01.2020 ब) 11.03.2022 स) ₹ 9.48 |
| | | B) ओपन प्लॉट : साम्यिक बंधक, फ्री होल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 536/1 (भाग), प्लॉट नं. एएस-42, प.ह.नं. 28/04, वास्तु विहार कॉलोनी, बस स्टैण्ड के पास, मौजा-सीपत, ब्लॉक मस्तुरी, रा.नि.मं. सीपत, तहसील मस्तुरी, जिला-बिलासपुर श्रीमती श्वेता दीक्षित के नाम पर स्थित, क्षेत्रफल-2800 वर्गफीट चौहद्दी : उत्तर-प्लॉट नं. AS-41, दक्षिण-प्लॉट नं. AS-43, पूर्व-20' चौड़ी डब्ल्यू.बी.एम. रोड, पश्चिम-प्लॉट नं. AS-52, (भौतिक कब्जा) | B. | ₹ 9.75 / ₹ 0.97 / ₹ 0.10 | |
| 12. | व्यापार विहार शाखा :- मेसर्स स्वयंम स्टील एवं डेवलपर्स प्रा. लि. एवं/ या श्री अखिलेश जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल एवं/या श्री मयंक जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल, जमानतदार :- श्री सुरेश पाण्डे पिता श्री जवाहर पांडे. | खुली भूमि: खसरा नं.-206, प.ह.नं.-28, मैजा - सीपत, ब्लॉक एवं तहसील-मस्तुरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल : 8284 वर्गफीट श्री अखिलेश जायसवाल पिता श्री ईश्वर प्रसाद जायसवाल के नाम पर स्थित (निदेशक एवं जमानतदार) चौहद्दी: उत्तर- 30 फीट रोड, दक्षिण- अखिलेश का मकान, पूर्व-गोपाल का मकान, पश्चिम-दिनेश जायसवाल की बाड़ी. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 15.00 / ₹ 1.50 / ₹ 0.25 | अ) 30.06.2013 ब) 26.02.2014 स) ₹ 28.19 |
| 13. | व्यापार विहार शाखा:- श्री अवधेश द्विवेदी पिता श्री कैलाश नाथ द्विवेदी | रिहायशी भवन :- स्थित खसरा नं. 1318/2, प.ह.नं. 50, मौजा-गनियारी, रा.नि.मं. तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, क्षेत्रफल 5232 वर्गफीट श्री अवधेश कुमार द्विवेदी के नाम पर स्थित., चौहद्दी :- उत्तर-आवेदक की भूमि,दक्षिण-आवेदक की भूमि, पूर्व-सड़क, पश्चिम-आवेदक की भूमि.(सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 34.50 / ₹ 3.45 / ₹ 0.25 | अ) 01.05.2023 ब) 08.08.2023 स)₹ 40.08 |
| 14. | एआरबी(रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता : मेसर्स बंसल वस्त्रालय, पार्टनर- श्री राजेश कुमार अग्रवाल पिता श्री राम गोपाल अग्रवाल एवं सुनीता अग्रवाल पिता श्री वासुदेव अग्रवाल | कमर्शियल भूमि एवं भवन :- सभी भाग तथा आंशिक परिवर्तित भूमि और संपत्ति शेड संरचना, प्लांट एवं मशीनरी स्थित है, खसरा नं. 115/1ख, 115/2, ग्राम-कोटुलिया, प.ह.नं. 37, ग्राम पंचायत कोटुलिया, रायगढ़ (छ.ग.), 15260 वर्गफीट, श्रीमती सुनीता अग्रवाल पिता स्व. वासुदेव अग्रवाल के नाम पर. सीमाएँ : उत्तर-रोड, दक्षिण- आशा राम एवं अन्य की भूमि, पूर्व- आशा राम एवं अन्य की भूमि, पश्चिम- आशा राम एवं अन्य की भूमि. (भौतिक कब्जा) | | ₹ 10.13 / ₹ 1.01 / ₹ 0.25 | अ)05.07.2021 ब)28.10.2021 स) ₹ 79.06 |
| 15. | एआरबी(रायपुर) शाखा:- मेसर्स निखिल पोल्ट्री फार्म, प्रोप. श्री सोहन लाल चक्रधारी पिता श्री मक्खू लाल चक्रधारी | भूमि :-1. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 780, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.15 हेक्टे./16145.87 वर्गफीट, ग्राम-अर्जुंदा, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर-कुद्दु की भूमि, दक्षिण-नरसिंग की भूमि, पूर्व - सुधीर की भूमि, पश्चिम- सोहन लाल चक्रधारी की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) 2. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 781, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.02 हेक्टे./2152.78 वर्गफीट, ग्राम-अर्जुंदा, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर-रोशन की भूमि, दक्षिण-शासकीय भूमि, पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम- शासकीय भूमि. (सांकेतिक कब्जा) 3. भूमि, भवन शेड एवं स्ट्रक्चर की कुछ भाग में स्थित खसरा नं. 782, पी.सी. नं. 41, एरिया 0.30 हेक्टे./32291.73 वर्गफीट, ग्राम-अर्जुंदा, तहसील धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) सोहन लाल चक्रधारी के नाम पर, चौहद्दी : उत्तर-अंजोर पिता बिसाहू की भूमि, दक्षिण-राजेश कुमार की भूमि, पूर्व-सुल्तान की भूमि, पश्चिम- उदेराम पिता गजानंद की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | | ₹ 58.50 / ₹ 5.85 / ₹ 0.25 | अ) 10.06.2024 ब) 13.09.2024 स)₹ 57.93 |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय - 10.06.2025 सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 17.05.2025 से 09.06.2025 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में दोपहर 5 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ

नोट:-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।

उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना
उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चों के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -पथरिया मुख्य शाखा-श्री अजय राय-8884888480, व्यापार विहार शाखा - श्री जीतेश झा-79848 89424, एआरबी (रायपुर) शाखा - श्री अतुल केसरवानी-8319887281, जगदलपुर शाखा-नरेन्द्र कुमार-7228906792, ईएमडी संबंधी/नीलामी पोर्टल संबंधित सूचना- फो. : 0771-4212422., बेमेतरा शाखा-श्री संदीप -99939 09075, , भाटापारा शाखा-श्री भूपेश कुमार-7587138820, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए- 0771-4212422.

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर 'Guidelines' देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए।4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा करना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं कर पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं matchbapi के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धृत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 17.05.2025

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 17.05.2025 टाईम्स ऑफ इंडिया, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक
बैंक ऑफ इंडिया



# चांद पर बनेगा न्यूक्लियर पावर प्लांट, दो महाशक्तियों ने मिला लिया हाथ, फूले अमेरिका के हाथ-पैर

मास्को। चीन और रूस ने चांद पर न्यूक्लियर पावर प्लांट्स बनाने के लिए एक प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जो ग्लोबल लेवल पर स्पेस रेस को एक नई दिशा दे सकती है। यह प्लांट 2036 तक पूरा होने की उम्मीद है और इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन को ताकत देगा। यह प्रोजेक्ट दोनों देशों के बढ़ते अंतरिक्ष सहयोग और टेक्नोलॉजी डोमिनेंस की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है, जो फ्यूचर की स्पेस खोजों के लिए बेस तैयार करेगी।

## फ्यूचर की स्पेस खोजों के लिए तैयार करेगी बेस



रिपोर्टों के मुताबिक, चीन और रूस ने हाल ही में चंद्रमा के साउथ पोल पर इंसानों के लिए एक स्थायी बेस बनाने और एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर साइन किए हैं, जो बेस और **ILRS** को ताकत देगा. यह एक क्रांतिकारी परियोजना है, जिसे वैज्ञानिकों ने लॉन्ग टर्म के लिए डिजाइन किया है, इसमें चंद्रमा पर फ्यूचर में इंसानों की मौजूदगी की संभावना भी शामिल है।



### कब से शुरू होगा निर्माण का काम?

रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के डाइरेक्टर यूरी बोरिसोव ने कहा कि न्यूक्लियर प्लांट का निर्माण 'इंसान के मौजूदगी के बिना' किया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि उन्नत रोबोट चंद्र सतह पर निर्माण का काम करेंगे। हालांकि, बोरिसोव ने इस तरह की कोशिश के लिए जरूरी तकनीक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन, उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पहले से लगभग तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, चंद्र परमाणु संयंत्र का निर्माण 2030 और 2035 के बीच शुरू होने वाला है और 2036 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### आईएलआरएस मिशन क्या है और यह गेमचेंजर क्यों है?

इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन चीन और रूस द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका मकसद वैज्ञानिक रिसर्च करने के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर इंसानों के लिए एक आधार स्थापित करना है। जून 2021 में पहली बार मास्को और बीजिंग ने इसका ऐलान किया था, इसमें अब पाकिस्तान, मिस्र, वेनेजुएला, थाईलैंड और दक्षिण अफ्रीका समेत 17 अन्य देश शामिल हैं। आईएलआरएस का निर्माण 2030 से 2035 तक पांच सुपर हेवी-लिफ्ट रॉकेट प्रोजेक्शन्स के जरिए से भेजी गई मैटेरियल्स का इस्तेमाल करके किया जाएगा।

## रोचक खबरें



### पवित्र शहर में है सबसे बड़ा कब्रिस्तान 1400 सालों से दफनाए जा रहे हैं लोग

**बगदाद।** क्या आप दुनिया की सबसे बड़े कब्रिस्तान के बारे में जानते हैं। यह केवल एक कब्रिस्तान ही नहीं है। बल्कि एक तरह का अजूबा है। इराक के नजफ शहर इस्लाम का एक पवित्र शहर माना जाता है। यहां पर मौजूद एक कब्रिस्तान का नाम वादी उस सलाम, इसका मतलब शांति की घाटी होता है। लेकिन, यह कब्रिस्तान का ही नाम है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान माना जाता है और इतना ही नहीं बताया जाता है कि यहां बीते 1400 सालों से लोगों को आज तक दफनाया जा रहा है जिसमें अब तक लाखों लोगों को दफनाया जा चुका है। नजफ इराक का छोटा शहर नहीं है। 6 लाख की आबादी वाला यह शहर पवित्र माना जाता है। शहर से लगे कब्रिस्तान में लाखों लोग दफन हैं।और यह सब एक 10 किलोमीटर लंबी घाटी में है। यहां बीते 1400 सालों को दफनाया जा रहा है और ये सिलसिला कभी नही रुका है। यहां पर बड़ी खास हस्तियों की कब्रें बताई जाती है। इस कब्रिस्तान के खास होने की एक वजह है। कब्रिस्तान के बारे में शिया मुस्लिम मानते हैं कि सारी पवित्र आत्माएं चाहे उन्हें कहीं भी दफनया गया हो, आखिर में यहां यहीं आएंगी। बहुत से पैगम्बर, राजा, शहजादे, सुल्तान आदि की यहां कब्र है। इनमें पैगम्बर हुद, पैगम्बर सालेह, आयातुल्ला सैयद, मोहम्मद बशीर अल सदर और अली बिन तालिब आदि की कब्रें यहीं पर हैं।

### क्या सांपों की आंखों में बस जाती है दुश्मन की तस्वीर फिर लेते हैं बदला?

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अक्सर ऐसा दिखाया जाता है कि सांप अपने दुश्मनों को सिर्फ एक बार देखकर ही पहचान लेते हैं और सालों बाद भी उनसे बदला लेने का मौका नहीं चूकते। खासकर बॉलीवुड में यह कहानी आम है कि नाग इंसान के चेहरे को अपनी आंखों में कैद कर लेते हैं। लेकिन, सवाल उठता है कि क्या यह सच में संभव है? क्या सांप सच में इंसानी चेहरा पहचान सकते हैं? इसका जवाब जानने से



पहले यह समझना जरूरी है कि इंसानों में चेहरा पहचानने की क्षमता उनके दिमाग की एक खास संरचना, नियोकॉर्टेक्स की वजह से होती है। यह मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो स्मृति और चेहरा पहचानने जैसी क्षमताओं में मदद करता है। लेकिन, सांपों के पास यह हिस्सा नहीं होता, इसलिए वे चेहरे पहचानने में सक्षम नहीं होते। यानी यह धारणा कि सांप किसी का चेहरा देखकर उसे याद रख लेते हैं, पूरी तरह गलत है। इसलिए बॉलीवुड में ये चीजें सिर्फ काल्पनिक तौर पर दिखाई जाती हैं। इसके अलावा आपको बता दें कि सांपों की देखने की क्षमता भी बहुत सीमित होती है। कुछ प्रजातियां केवल हिलती हुई चीजें देख सकती हैं, जबकि बाकी सांप इतनी आसानी से चीजें नहीं देख पाते कि किसी इंसान का चेहरा साफ पहचान सकें। इसका मतलब ये हुआ कि वे यह नहीं समझ सकते कि सामने वाला व्यक्ति कैसा दिखता है, क्या पहना है, या उसके बाल कैसे हैं।

### इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक से लैस 12 सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में भेजा गया

**बीजिंग।** चीन ने अपने स्पेस कंप्यूटिंग सिस्टम के लिए सैटेलाइट का पहला बैच लॉन्च्ड किया है। यह एक ऐसी प्रणाली है जो पूरी तरह से तैनात होने पर सबसे ज्यादा ताकतवर ग्राउंड बेस्ड सुपरकम्प्यूटरों को टक्कर दे सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को दोपहर के वक्त जिउक्वान उपग्रह लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 2डी रॉकेट के जरिए इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग सिस्टम्स और इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक से लैस 12 सैटेलाइट्स को ऑर्बिट में भेजा गया। वे थ्री-बॉडी कंप्यूटिंग कांस्टेलेशन का हिस्सा



हैं, जो झेजियांग लैब में डेवलप्ड किया जा रहा स्पेस बेस्ड बुनियादी ढांचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बार पूरा हो जाने पर यह कांस्टेलेशन 1,000 पेटा ऑपरेशन प्रति सेकंड (पीओपीएस) - या एक क्विंटिलियन ऑपरेशन प्रति सेकंड की कुल कंप्यूटिंग कैपेसिटी के साथ एक्चुअल टाइम, इन-ऑर्बिट डेटा प्रोसेसिंग का सपोर्ट करेगा। अगर तुलना करें तो कैलिफोर्निया स्थित लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी का नया एल कैपिटन सिस्टम, जो पिछले साल दुनिया का सबसे ताकतवर सुपरकंप्यूटर था, वो 1.72 पेटा ऑपरेशन - या प्रति सेकंड 1.72 क्विंटिलियन ऑपरेशन करता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अंतरिक्ष इतिहासकार और एस्ट्रोनॉमर जोनाथन मैकडॉवेल ने कहा कि स्पेस में क्लाउड कंप्यूटिंग का विचार अभी 'बहुत फैशनेबल' है। उन्होंने कहा, 'ऑर्बिटल डेटा सेंटर सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर सकते हैं और अपनी गर्मी को स्पेस में रेडिएट कर सकते हैं, जिससे ऊर्जा की ज़रूरतें और कार्बन फ़ुटप्रिंट कम हो जाते हैं।'

# कैसे होंगे एलियन्स के असली चेहरे? वैज्ञानिकों ने दिया इस सवाल का चौंकाने वाला जवाब

लंदन। एलियन कैसे दिखते हैं। यह ऐसा सवाल है जो वैज्ञानिकों से लेकर फिल्म निर्माताओं में समान रूप से कौतूहल पैदा करता रहा है। विज्ञान फंतासी में एलियन्स को लेकर कई तरह की कल्पनाएं की हैं, उन्हें कई फिल्मकारों ने रुपहले पर्दे पर साकार करने का प्रयास भी किया. पर असल में एलियन्स कैसे दिखते होंगे यह एक खुला सवाल है और आज भी इस पर मंथन और शोध जारी है। हाल ही में ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने इस पर काम किया है। ने एक ऐसी तस्वीर पेश की है जो रोंगटे खड़े कर देती है। उनके अनुसार, असली एलियन एक आँख वाला, आठ पैरों वाला झींगा जैसा प्राणी हो सकता है!

### अच्छी नहीं लगेगी ये तस्वीर

यह डरावना चित्र लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूज़ियम में, 16 मई 2025 को खुलने वाली



नई प्रदर्शनी 'स्पेसः कैन लाइफ एक्सिस्ट बियॉन्ड अर्थ' में सामने आया है। यह खोज न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि यह भी बताती है कि अंतरिक्ष के कठिन माहौल में जीवन कितना विचित्र और डरावना हो सकता है, क्योंकि इसे तैयार करने में वैज्ञानिकों ने दूसरे ग्रहों के महौल का ख्याल रखा है।

## एलियन्स कैसे दिखते होंगे आज भी इस पर मंथन और शोध जारी है

### एक संभावित तस्वीर

वैज्ञानिकों ने ओपन यूनिवर्सिटी के एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट्स की एक टीम से संपर्क किया और उन्हें बाहरी ग्रहों (एक्सोप्लैनेट्स) के हालात के आधार पर जीवन की संभावित तस्वीर बनाने को कहा. नतीजे में उन्हें मिला, एक आंख वाला झींगा जैसा प्राणी, जो देखने में जितना अजीब है, उतना ही डरावना भी।



### क्यों दिखेगा एलियन झींगा जैसा?

यह सबसे अहम सवाल है कि क्योंकि एलियन्स के लिए पृथ्वी जैसा महौल उतना ही मुश्किल है, जितना की ब्रह्माण्ड में हूबहू दूसरी पृथ्वी का होना। एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट्स का मानना है कि अंतरिक्ष के कठिन माहौल में तापमान, दबाव, और रसायन सामान्य से कहीं ज़्यादा चरम हैं। वहां जीवित रहने के लिए प्राणियों को पृथ्वी पर सबसे कठिन परिस्थितियों में रहने वाले जीवों की तरह ढलना होगा।

### चरम हालात के जीव

नासा के विशेषज्ञ भी मानते हैं कि पृथ्वी पर झींगा जैसे छोटे क्रस्टेशियन (जलजीव) उन प्राणियों के सबसे करीब हैं जो सौर मंडल के बाहर बाहरी ग्रहों पर रह सकते हैं। नासा ने पहले कैरिबियन सागर में दुनिया के सबसे गहरे हाइड्रोथर्मल वेंट्स में रहने वाले छोटे झींगों का अध्ययन किया है, जहां तापमान 400 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। उन्हीं से उन्हें एलियन के आकार का अंदाजा लगाने में मदद मिली है।

**इन झींगों से क्या पता चला :** ये झींगे चट्टानों से निकलने वाले गर्म पानी के ढेर में परत-दर-परत रहते हैं। उनके मुँह और विशेष रूप से विकसित गलफड़ों में बैक्टीरिया होते हैं।



### इसी आधार पर निकाल नतीजा

वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी पर सबसे कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने वाले प्राणी ही एलियन जीवन से सबसे ज़्यादा मिलते-जुलते हैं। इसीलिए, बाहरी ग्रहों पर जीवन शायद इस एक आँख वाले, आठ पैरों वाले झींगा जैसे प्राणी की तरह होगा, जो न केवल विचित्र है, बल्कि अंतरिक्ष की क्रूर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए पूरी तरह अनुकूलित है। यह एलियन न तो प्यारा है और न ही दोस्ताना। सिनेड मैरन ने मज़ाक में कहा, 'यह ऐसा एलियन है जिसे हम शायद घर वापस भेजना चाहेंगे।' यह खोज हमें सोचने पर मजबूर करती है कि अगर हम कभी एलियन से मिले, तो वह हमारी कल्पनाओं से कहीं ज़्यादा अजीब और डरावना हो सकता है। लंदन की इस प्रदर्शनी में यह मॉडल देखकर लोग निश्चित रूप से चौंक जाएंगे।

# ये चिड़िया रातोंरात बना देगी करोड़पति इसके अंडों पर लोग गड़ाए रखते हैं नजर

सागर। अमीर बनने के लिए कई लोग मेहनत करने से ज्यादा टोने-टोटके या खजाने की तलाश में रहते हैं। आपने पारस पत्थर के बारे में तो सुना ही होगा. माना जाता है कि यह पत्थर लोहे को सोना बना देता है। कहते हैं एक चिड़ियि पारस पत्थर को हिमालय से ढूंढ कर लाती है। इसी पत्थर से वह अपने अंडों को तोड़कर बच्चों को बाहर निकालती है। बुंदेलखंड में ऐसी मान्यता टिटहरी पक्षी को लेकर है। यहीं वजह है कि यहां लोग गर्मी के मौसम में टिटहरी के अंडों की तलाश करते मिल जाएंगे। टिटहरी पक्षी के अंडों से बारिश के सीजन का भी अनुमान लगाया जाता है। यह पक्षी दो से पांच अंडे देती है और जिस साल गर्मी में ये जितने अंडे दे देती है, उतने ही महीने बारिश होती है। टिटहरी पक्षी कभी पेड़ों पर अंडे नहीं देती. ये हमेशा जमीन पर ही सुरक्षित जगह देखकर अंडे देती है। इनका प्रजनन काल मार्च से जून महीने के बीच का होता है।



### आज भी लोग कर रहे प्रयास

सागर के स्थानीय निवासी लखन लाल चौरसिया बताते हैं, वह अपने बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं कि जहां कहीं भी टिटहरी अंडे देती है और किसी को पता चल जाए तो उस जगह पर वह नजर रखता है। इतना ही नहीं, जब अंडे से बच्चे हो जाते हैं, तब लोग वहां जितने भी कंकड़ पत्थर उस जमीन में होते हैं सारे उठाकर अपने घर ले आते थे या फिर अपने साथ लोहा ले जाकर उस जगह के आसपास जितने भी कंकड़-पत्थर होते सभी में उसको छूकर देखते। क्योंकि, ऐसा कहा जाता है कि टिटहरी अपने अंडे पारस पत्थर से तोड़ती है और पारस पत्थर लोहे को सोना बना देता है। अगर यह पत्थर किसी को मिल जाए तो उसे करोड़पति बनने में देर नहीं लगती। उसकी किस्मत जिंदगी बदल जाएगी, इसलिए इस पारस पत्थर की तलाश में लोग वहां से कंकड़ पत्थर उठाकर अपने घर ले आते हैं।



### अंडे तोड़ने के बाद पत्थर का क्या?

पारस पत्थर को लेकर अनेक भ्रांतियां हैं, लेकिन यह कैसा होता है और सच में इसके छूने से लोहा सोना बन जाता है, यह अब तक कहानियों में ही प्रचलित है। कहा जाता है कि ऐसे दुर्लभ और अनमोल पत्थर को टिटहरी ढूंढ कर लाती है और इसी पत्थर से वह अंडे तोड़ती है, जिससे उसके बच्चे निकलते हैं। बच्चों के जन्म होने के बाद उस पत्थर का क्या होता है, वो उसे छोड़ आती है या वहीं छोड़कर बच्चों के साथ चली जाती है। इस बारे में लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है।

### धरती के इस पड़ोसी ग्रह को अचानक क्या हुआ? आसमान में दिखने लगी हरी रोशनी



**वॉशिंगटन।** नासा अपनी खोज की वजह से पूरी दुनिया में फेमस है। नासा के वैज्ञानिक कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं जिससे लोगों की निगाहें उनपर चली जाती है। एक बार फिर नासा ने खलबली मचा दी है। बता दें कि नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल ग्रह पर ऑरोरा को कैप्चर किया है। ऐसा पहली बार है जब लाल ग्रह पर ऐसा ऑरोरा देखा गया है।

**पहली बार दिखाई दिया नजारा :** नासा के मुताबिक 18 मार्च 2024 को ऑरोरा दिखाई दिया था जिसका रंग हरा था। ऐसा पहली बार हुआ जब हरे रंग का ऑरोरा देखा गया। इससे पहले भी मंगल ग्रह पर ऑरोरा देखे जा चुके हैं, लेकिन वे पराबैंगनी वेवलेंथ में थे। बता दें कि इसे देखने के लिए नासा के वैज्ञानिकों ने पर्सिवियरेंस रोवर को ऊपर भेजा था। सुपरकैम स्पेक्ट्रोमीटर और मास्टकैम-जेड कैमरे की मदद से ये कैप्चर किया गया। यह ऑरोरा मानव आंखों से भी देखा जा सकता था।

# 1000 साल पुराने 'समाधि वाले बाबा' के कंकाल को मिला अब नया घर, क्यों है ये इतना खास?

**अहमदाबाद।** गुजरात में 15 मई को पांच घंटे की कवायद और 15 विशेषज्ञों की निगरानी के बाद 1000 साल पुराने कंकाल को वडनगर पुरातत्व अनुभव संग्रहालय में स्थानांतरित कर दिया गया। इस संग्रहालय का उद्घाटन इस साल जनवरी में किया गया था। 1000 साल पुराने कंकाल को 'समाधि वाले बाबाजी' कहा जाता है।

इस कंकाल को मेहसाणा जिले से साल 2019 में खुदाई करके निकाला गया था। तब से इसे अस्थायी तंबू के अंदर रखा गया था। अब कंकाल को नया घर मिल गया है। वडनगर पुरातत्व अनुभव संग्रहालय के क्यूरेटर महिंदर सिंह सुरेला ने बताया- कंकाल को गुरुवार शाम 6 बजे के आसपास संग्रहालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसे एहतियाती बैरिकेड के साथ रिसेप्शन क्षेत्र के पास ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया है। वर्तमान में, यह प्रदर्शन के लिए नहीं है।



### समाधि की स्थिति में कंकाल दफनाया

इससे पहले गुजरात के पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशक पंकज शर्मा ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया था- लोथल के संग्रहालय में भी कंकाल रखने पर विचार किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वडोदरा सर्कल के पूर्व अधीक्षण पुरातत्वविद् अभिजीत आंबेकर, जो वडनगर उत्खनन से करीब से जुड़े थे, उन्होंने कहा था कि पिछले कई वर्षों में खोजी गई 9,000 से अधिक पुरावशेषों के साथ यह कंकाल गुजरात सरकार को सौंप दिया गया है।

### पेपर में किया गया था इस कंकाल का जिक्र

हेरिटेजः जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी स्टडीज इन आर्कियोलॉजी में प्रकाशित वडनगरः ए थ्राइविंग कम्पोजिट टाउन ऑफ हिस्टोरिकल टाइम्स शीर्षक वाले एक पेपर में आंबेकर और अन्य ने इस खोज का वर्णन कुछ इस प्रकार किया था- एक गड्ढे में क्रॉस-लेग्ड मुद्रा में बैठा हुआ एक अक्षुण्ण. अच्छी तरह से संरक्षित कंकाल। उत्तर की ओर मुख किए हुए सिर सीधा है, दाहिना हाथ गोद में रखा हुआ है। जबकि, बायां हाथ छाती के स्तर तक उठा हुआ है। संभवतः एक लकड़ी की छड़ी (डंडा) पर टिका हुआ है जो नष्ट हो चुका है। इस समाधि प्रकार के दफन की प्राचीनता संभवतः 9वीं-10वीं शताब्दी ईस्वी से शुरू की जा सकती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com